संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 26 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



खूबसूरत पहाड़ी शहर नैनीताल की जमीन धंसने लगी है। आल्मा पहाड़ी दरकने से 4 घर जमींदोज हो गए। इस घटना के बाद नैनीताल प्रशासन हरकत में आया। आल्मा पहाड़ी पर बने 250 घरों को खाली करवाना शुरू कर दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 257 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट में पहली बार मूक-बधिर वकील ने केस लड़ा

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में 22 सितंबर को पहली बार एक मूक-बधिर वकील सारा सनी ने केस की पैरवी की। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने वर्चुअल माध्यम से मामले की सुनवाई की। मामले में एडवोकेट सारा सनी के इंटरप्रिटर सौरभ रॉय चौधरी थे, जिन्होंने सारा के इशारों को समझकर कोर्ट के सामने उनके तर्क पेश किए। पहले कोर्ट के कंट्रोल रूम ने सारा के इंटरप्रेटर सौरभ को पूरी सुनवाई के दौरान अपना वीडियो ऑन रखने की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन जिस तेजी से वे सारा के इशारों को समझकर उसे कोर्ट को बता रहे थे, उससे जाहिर ही नहीं हो रहा था कि सारा अपनी बात इशारों में कह रही हैं। ऐसे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित सुनवाई के लिए वर्चुअली जुड़े सभी लोगों को सौरभ को देखने की जिज्ञासा हुई। इसके बाद कोर्ट ने सौरभ को भी वीडियो ऑन करने की इजाजत दे दी। सुनवाई खत्म होने के बाद सभी ने सौरभ के काम की तारीफ भी की। मामले पर एडवोकेट सारा ने मीडिया से बात करते हुए सौरभ और सीजेआई की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीजेआई खुले विचारों वाले शख्स हैं, उनकी वजह से दिव्यांगों के लिए नए मौके पैदा हुए हैं। मामले की सुनवाई के लिए मैं वहां नहीं थी। इसलिए मेरी सीनियर संचिता ने केस की सुनवाई वर्चुअली करने की व्यवस्था की। वे साबित करना चाहती थीं कि दिव्यांग लोग भी किसी से पीछे नहीं हैं।

### 2023-24 में 62 हजार मार्गों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की व्यापक कायाकल्प की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस बात का प्रमाण सड़क सौंदर्यीकरण, गड्ढामुक्ति व मार्गों के रीस्टोरेशन प्रक्रिया को लेकर भी देखा जा सकता है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2023-24 के बीच गड्ढा मुक्ति व रिस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को हासिल करने में लोक निर्माण विभाग ने अपने टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य पूरा किया है। वहीं, राष्ट्रीय मार्गों की बात करें तो उसने अब तक 75.30 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति में सफलता पायी है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 में 62 हजार से अधिक मार्गों को गड्ढामुक्त व रीस्टोरेशन वर्क्स से सुदृढ़ बनाने की प्रक्रिया को विस्तृत कार्ययोजना क्रियान्वयन के जरिए धरातल पर उतारा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है तथा योगी सरकार द्वारा लगातार कार्य पूर्ति की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

# 'मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी'

= 'कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे, अब कांग्रेस एक कंपनी बन गई है, नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही'

**निशाने पर कांग्रेस**

8 'कांग्रेस ने अपनी सारी इच्छाशक्ति खो दी है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता चुपचाप मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं'





**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी ने सोमवार को भोपाल में कहा, 'मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। जब मोदी गारंटी देता है, तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है।' कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए पीएम ने कहा, 'कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे। अब कांग्रेस एक कंपनी बन गई है। नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही है। ये ठेका अब कुछ अर्बन नक्सलियों के पास है। कांग्रेस में अब अर्बन नक्सलियों की चल रही है।' पीएम ने जंबूरी मैदान में भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने अपनी सारी इच्छाशक्ति खो दी है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता चुपचाप मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं। कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, बैंक करप्ट हुई, अब अपना ठेका दूसरे लोगों को दे दिया है। ये ग्राउंड पर कांग्रेस का हर कार्यकर्ता महसूस कर रहा है। कांग्रेस जमीन पर लगातार खोखली हो रही है।' पीएम ने आग्रह करते हुए कहा, '2 अक्टूबर को बापू की जयंती है। इससे पहले 1 अक्टूबर को स्वच्छता से जुड़ा कार्यक्रम पूरे देश में होने वाला है। मेरा आग्रह है कि आप सभी इस स्वच्छता के कार्यक्रम में जुड़िए। त्योहारों में हमें 'वोकल फॉर लोकल' याद रखना है। खादी के कपड़े खरीदने हैं। जो गिफ्ट खरीदें, वो लोकल हो, भारत में बना हो, यह बात हमें कभी भी भूलनी नहीं है।'

**विपक्ष ने खट्टे मन से समर्थन किया:** पीएम ने कहा कि मोदी ने आपको जो गारंटी दी थी, वो पूरी हो गई। लोकसभा-राज्यसभा में 33% सीट आरक्षित करने का कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित हुआ। दशकों से देश की माताएं-बहनें इसका इंतजार कर रही थीं। यह तक कहा जाने लगा था कि शायद यह कभी नहीं हो पाएगा। कांग्रेस और उसके नए घमंडिया गठबंधन ने मजबूरी में इस बिल का समर्थन बहुत खट्टे मन से किया। इनके गठबंधन में जितने लोग हैं, वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक इस कानून को पारित नहीं होने दिया। पार्लियामेंट में हुड़दंग किया, बिल फाड़ दिए, स्पीकर पर हमले बोल दिए। इनको नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मजबूरी में समर्थन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि मेरी माताएं-बहनें जाग गई हैं। उन्होंने अपनी शक्ति का परिचय करवा दिया है। ये माताओं-बहनों से डरे हुए हैं। इसलिए सिर नीचा कर हाउस में बेमन से अंगुली दबा दी।

**यह नया खेल खेलेंगे, पक्का मानिए:** पीएम ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग माताओं - बहनों को धोखा देना का तय करके बैठे हैं, तैयार बैठे हैं। कांग्रेस के घमंडिया साथी वही हैं, जिन्होंने इस कानून को रोकने के लिए हर मर्यादा तोड़ी है। इनकी यह सोच आज भी नहीं बदली है। ये लोग बहुत बौखलाए हुए हैं। यह अब एक नया खेल खेलेंगे। पक्का मानिए। यह नारी शक्ति को बांटने की पूरी कोशिश करेंगे। अफवाहें फैलाएंगे। देश की हर माता, बहन, बेटी को सावधान, सतर्क और एकजुट रहना होगा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने द्रौपदी मुर्मू को देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने से रोकने का प्रयास किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने देश की सेनाओं के अग्रिम मोर्चों में बेटियों की एंट्री को रोक कर रखा था। अगर इनकी नीयत ठीक होती तो वे क्या मोदी को करोड़ों बहनों के नाम पक्के घर करने देते। आज आजादी के इतने साल बाद यह काम मुझे करना पड़ रहा है। इनको नहीं दिखता था कि सब कुछ पुरुष के नाम पर है। पीएम का मध्यप्रदेश में यह 6 महीने में 7वां दौरा है।

### 'घमंडिया गठबंधन हमारी विरासत - सनातन को समाप्त करना चाहता है'

**पीएम ने** कहा कि देवी अहिल्या बाई और रानी दुर्गावती सहित हमारे अनेक पूर्वजों ने भारत की विरासत को समृद्ध करने में भूमिका निभाई। कांग्रेस और उसका घमंडिया गठबंधन हमारी इस विरासत - सनातन को समाप्त करना चाहता है। ऐसे दलों से एमपी को बहुत सावधान रहना होगा। आज भारत एक बहुत महत्वपूर्ण कालखंड में प्रवेश कर चुका है। हर देश भारत से मित्रता करना चाहता है। हर निवेशक यहां अवसर देख रहा है। चंद्रयान का गौरवगान हो रहा है। कुछ दिन पहले हुए जी-20 सम्मेलन में हमारी भूमिका और सशक्त हुई है। यह इसलिए है, क्योंकि आपने स्थिर और मजबूत सरकार चुनी। यह सरकार चुनौतियों को चुनौती दे सकती है।

### कांग्रेस ने प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना दिया: पीएम मोदी

**पीएम** ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश के फर्स्ट टाइम वोटर को बताना चाहता हूं कि आपके माता-पिता, दादा - दादी को अभाव में रखने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। उनको मुसीबत में जीने के लिए मजबूर करने वाली कांग्रेस एकमात्र पार्टी है। कांग्रेस सिर्फ एक परिवार का गौरवगान करने में जुटी रही। प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना दिया। एमपी में कांग्रेस के शासन की पहचान थी- कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन। साधन - संपन्न और समर्थ युवाओं वाले मध्यप्रदेश को बीमारू बना दिया था। यहां के युवाओं ने कांग्रेस के जमाने की खराब कानून व्यवस्था नहीं देखी। उस दौर की खस्ताहाल सड़कें नहीं देखीं। अंधेरे में जीने को मजबूर गांव और शहर नहीं देखे। एमपी में भाजपा की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो चुके हैं। जो युवा पहली बार वोट डालेंगे, उन्होंने भाजपा की ही सरकार को देखा है। ये युवा सौभाग्यशाली हैं। विकास का जो रास्ता एमपी के लोगों ने बनाया है, उस विकास की गाड़ी सड़क से उतरे नहीं, भटके नहीं और अटके भी नहीं।

## डेट्रायट बनने की रेस में लखनऊ

**उत्पादन होगा**

8 योगी सरकार और हिंदुजा की पहल से मोटर सिटी भी हो सकता है नवाबों का शहर, मंथन जारी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया। बड़ी संख्या में मुख्य इकाइयों और अनुषांगिक इकाइयों में निवेश हुए। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिला। आटो इंडस्ट्री के जरिये यही प्रयास हिंदुजा समूह से मिलकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी करने जा रही है। पिछले दिनों इसी बाबत मुख्यमंत्री की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लीलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपये का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमोयू) हुआ। यह एमओयू इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के लिए हुआ।

खास बात यह है कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है।

फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग, इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।

### 1500 रुपए के लिए महादलित महिला को नंगा कर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**पटना में एक** महादलित महिला की नग्न अवस्था में बेरहमी से पिटाई कर दी गई। गांव का ही एक दबंग पहले उस महिला को अपने घर ले गया। फिर बेटे के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इसके साथ ही दबंग ने अपने बेटे से महिला के मुंह पर पेशाब भी करवाया। मारपीट के बाद महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है। महिला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। घटना रात खुसरुपुर थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने बताया कि पंचायत के दबंग प्रमोद सिंह से मेरे पति ने 1500 रुपए कर्ज लिया था। यह पैसा लौटा भी दिया गया था। इसके बावजूद शनिवार रात मुझे बंधक बनाकर अपने घर ले गया, फिर नंगा कर मारपीट करने लगा।

## हिंदुस्तान की सरकार को कैबिनेट सेक्रेटरी और सेक्रेटरी चलाते हैं: राहुल

**साधा निशाना**

8 मोदी, अडानी-अंबानी के जहाज में जाते, मैंने जब इस रिश्ते के बारे में पूछा तो जवाब तो नहीं आया: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर**

**राहुल** ने बिलासपुर में कहा कि मोदी जी, अडानी-अंबानी के जहाज में जाते हैं, आखिर ये रिश्ता क्या है। मैंने जब इस रिश्ते के बारे में पूछा तो जवाब तो नहीं आया, बल्कि मेरी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी। आवास सम्मेलन के मंच से राहुल गांधी ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुस्तान की सरकार को एमएलए और एमपी नहीं चलाते, बल्कि कैबिनेट सेक्रेटरी और सेक्रेटरी चलाते हैं। 90 सेक्रेटरी हैं, वो योजना डिजाइन करते हैं। रुपया कहां जाएगा, ये डिसाइड करते हैं। राहुल बोले- संसद में मैंने जब पूछा कि डिफेंस में, एयरपोर्ट में, किसानों के काले कानून में अडानी को फायदा दिलाने की कोशिश की गई। आखिर ऐसा क्यों हुआ। किस रिश्ते के तहत ये फायदे पहुंचाए गए। राहुल गांधी ने कहा कि बिलासपुर पहुंचकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे यह रिमोट कंट्रोल दिया गया है और कहा गया है कि इसका बटन दबाते ही करोड़ों रुपए छत्तीसगढ़ के गरीबों के बैंक एकाउंट में चले जाएंगे।

## 'काशी में विश्व स्तरीय क्रूज टर्मिनल का भी निर्माण होगा'



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**केंद्रीय** जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने सोमवार को घोषणा की कि वाराणसी में वर्ल्ड क्लास क्रूज टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जल्दी ही भूमि का चयन कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इससे क्रूज संचालन और पर्यटकों को काफी सुविधा होगी। इससे जलमार्ग से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के तीसरे ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट-2023 (जीएमआईएस) के लिए बड़ा लालपुर स्थित ट्रेड फेसेलिटी सेंटर (टीएफसी) में आयोजित रोड शो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि जीएमआईएस में जनभागीदारी की अपील कर बताया कि हमारा लक्ष्य है कि आगामी वर्षों में जल मार्ग से देसी और विदेशी व्यापार 10 लाख करोड़ तक पहुंचे।

## हरियाणा: हर घर की रजिस्ट्री पर मिलेगी साइकिल

**ऐलान**

8 साइकिल यात्रा में शामिल सभी पुलिस जवानों को 5 दिन की छुट्टी दी जाएगी: सीएम मनोहर लाल



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/करनाल**

**हरियाणा** में नशे के खिलाफ शुरू हुई साइक्लोथॉन का सीएम सिटी करनाल में समापन हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा में शामिल सभी पुलिस जवानों को 5 दिन की छुट्टी दी जाएगी। सीएम ने लोगों के स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए राज्य में सभी हुक्का बारों को बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही घर बनाने वाले बिल्डर या विभाग हर घर की रजिस्ट्री पर एक साइकिल देगा। इससे पहले करनाल में मनोहर लाल मंगलवार को कार फ्री डे की घोषणा कर चुके है। जिसके बाद डीसी से लेकर तमाम प्रशासनिक अधिकारी साइकिल और पैदल ही अपने दफ्तर में पहुंचे थे।

**यमुनानगर से करनाल पहुंची साइक्लोथॉन:** हरियाणा में 25 दिन बाद नशे के खिलाफ शुरू हुई साइकिल यात्रा साइक्लोथॉन का पहिया करनाल में थम गया। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद मौजूद रहे। इससे पहले सीएम ने यमुनानगर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

## हैदराबाद से चुनाव लड़कर दिखाएं राहुल: ओवैसी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/हैदराबाद**

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन चीफ और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस सासंद राहुल गांधी को अपने खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- वायनाड छोड़िए, शेरवानी-काली टोपी वाले से मुकाबला करिए। 16-17 सितंबर को कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की बैठक के दौरान राहुल ने ओवैसी पर भाजपा का साथ देने का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा था- तेलंगाना में कांग्रेस सिर्फ बीआरएश नहीं, भाजपा और एआईएमआईएम के खिलाफ भी चुनाव लड़ रही है। ओवैसी ने एक हफ्ते बाद राहुल पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस बड़ी-बड़ी बातें करती है। यही कांग्रेस थी जब बाबरी मस्जिद और सचिवालय की मस्जिद गिराई गई थी। जमीन पर आइए, मुझसे मुकाबला करिए। मैं तैयार हूं। दो-दो हाथ करेंगे। मजा आएगा।

**जनहित मुद्दे** हिमाचल विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, व्यवस्था परिवर्तन व्यवहार से होता है कहने से नहीं: जयराम ठाकुर

## मॉनसून सत्र के दौरान 36 घंटे से अधिक चली कार्यवाही, 106 प्रतिशत रही उत्पादकता



**मुद्दों पर चर्चा**

8 भाजपा ने प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र सम्पन्न हो गया। इसी के साथ विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। सत्र के अंतिम दिन भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तल्खी नजर आई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जहां सत्र के दौरान भाजपा विधायकों द्वारा उठाए गए मुद्दों का जिक्र किया वहीं सत्तादल कांग्रेस की ओर से भी उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विपक्ष पर राजनीतिक तंज कसे। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने यह कहकर माहौल को सौहार्दपूर्ण बनाने का प्रयास किया कि सदन के नेता मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन के सुचारू संचालन में बेहतर सहयोग किया है। इससे सदन की कार्यवाही सौहार्दपूर्ण माहौल में चली। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधायक विनोद कुमार के खिलाफ दर्ज मामले को खत्म करने की मांग की और कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो भविष्य में यह परंपरा बन जाएगी और विधायकों के खिलाफ मामले दर्ज होते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। उम्मीद है कि सरकार इन मुद्दों पर विचार करेगी। उन्होंने सदन में सरकार द्वारा राज्य की आर्थिक स्थिति पर लाए गए श्वेत पत्र पर भी हैरानी जताई और कहा कि इसमें कई मुददे ऐसे डाले गए जो सिर्फ केन्द्र सरकार के नियंत्रण में है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्र के दौरान बहुत से सवालों के उत्तर संतोषजनक नहीं थे जिसपर भविष्य में गौर करने की जरूरत है। जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन व्यवहार से होता है नकि कहने से।

## हिमाचल: भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



**नारेबाजी**

8 हजारों की संख्या में शिमला पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मानसून सत्र के** अंतिम दिन भाजपा ने शिमला में कांग्रेस सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में शिमला पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस व सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। भाजपा के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर विधान सभा व इसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विधानसभा की तरफ आने वाले तमाम रास्तों की पुलिस ने बैरकेटिंग की हुई थी। विधानसभा घेराव व प्रदर्शन के लिए भाजपा कार्यकर्ता चौड़ा मैदान में एकत्र हुए। यहां से विधान सभा पहुंचने वाली सडक पर पुलिस की बैरिकेटिंग की वजह से कार्यकर्ता घेराव के लिए विधान सभा परिसर तक नहीं पहुंच सके। चौड़ा मैदान से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल के नेतृत्व में विधान सभा की तरफ चार्ज किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सुरेश कश्यप, सिकंदर कुमार इंदु गोस्वामी, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, सभी विधायक और प्रदेश पाधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा चुनाव के समय झूठे वादों और गारंटियों से जनता को गुमराह करके सत्ता में आई कांग्रेस का असली चेहरा 9 महीनों में ही बेनकाब हो गया है। इस सरकार का न तो कोई विजन है और न ही कोई प्राथमिकता।

# असीम ने वामन द्वादशी मेले का शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर में आयोजित किये जा रहे धार्मिक और एतिहासिक महत्व के उत्तर भारत के प्रसिद्ध वामन द्वादशी मेले की प्रथम संध्या का शुभारम्भ त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीजेपी हरियाणा के प्रभारी विप्लुब कुमार देव, परिवहन एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री मूल चंद शर्मा, स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला, विधायक मोहन लाल कौशिक, भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इससे पहले मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने भगवान वामन का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक असीम गोयल ने की। इस मौके पर सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, विधायक अम्बाला शहर, विधायक राई को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर उनका भव्य





अभिनंदन भी किया।

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीजेपी हरियाणा के प्रभारी विप्लुब कुमार देव ने भगवान वामनद्वादशी के मेले पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को तीन दिवसीय मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान वामन ने राजा बलि का अंहकार खत्म करने के लिए जन्म लिया था। यह मेला पिछले 135 वर्षो से मनाने का काम किया जा रहा है और इसका इतिहास 300 साल पुराना हैं । उन्होंने कहा कि हमारा धर्म सनातन हैं और सनातन धर्म था, है और सदा रहेगा, इसको खत्म करने वाले ही खत्म हो गए। चाहे वो मुगल थे या ब्रिटिश थे वो ही खत्म हो गए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत को अध्यात्मिक देश के नाम से जाना हैं, क्योंकि इसका इतिहास बहुत पुराना हैं। उन्होंने कहा कि हम यहां पर भारी संख्या में भगवान वामन की पूजा करने इसलिए आए है क्योकि हम सनातन धर्म से सम्बधं रखते हैं। उन्होनें कहा कि भारत की सनातन व संस्कृति को लेकर विपक्ष ओच्छी राजनीति कर रहा हैं। दक्षिण में एक पार्टी के ओच्छे नेता ने सनातन धर्म को लेकर जो टिप्पणी की है वह अशोभनीय है जिसकी पूरे देश में निन्दा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत को कोई पराजित नहीं कर सकता। क्योंकि इस देश में भगवान राम, भगवान श्री कृष्ण व अनेक ऋषिमुनियों ने जन्म लिया हैं तथा हम ऋषियों के वंशज हैं और सनातन को कोई खत्म नहीं कर सकता। हम भारतीय है और संस्कार और सनातन से जुडे हुए हैं, हम प्रकृति के साथ जीते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में उन्हें जो आने का मौका मिला है इसके लिए वे अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल का आभार प्रकट करते हैं। इस मौके पर परिवहन मंत्री श्री मूल चंद शर्मा ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान वामन विष्णु के पांचवे अवतार हैं और सभी धर्मों की परिभाषा मिलजुल कर स्नेह एवं भाईचारे के साथ रहना है और यही भगवान वामन का संदेश है। अम्बाला हर क्षेत्र में शुरू से ही ऐतिहासिक रहा हैं, 1857 क्रांति की

**संस्कृति**

> 8 भगवान वामन ने राजा बलि का अंहकार खत्म करने के लिए जन्म लिया था। यह मेला पिछले 135 वर्षो से मनाने का काम किया जा रहा है

पहली चिंगारी अम्बाला से उठी थी, राजनीतिक क्षेत्र की बात करें तो स्वर्गीय सुषमा स्वराज ने भी अम्बाला से ही राजनीति की शुरूआत की थी। उन्होनें कहा कि जबभी पृथ्वी पर पाप और अभिमान बढता है तो उसको समाप्त करने के लिए व धर्म की स्थापना करने के लिए भगवान अवतार लेते है और भगवान वामन ने बौने के रूप में अवतार लेकर राजा बलि का अहंकार तोड़ा था। वामन भगवान ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी थी।

# 'वर्तमान आर्थिक नीतियां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की देन'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारतीय जनता पार्टी लीगल सेल की एक बैठक जिला बार संघ में पार्टी के पुराने वरिष्ठ सदस्य सुभाष हांडा की अध्यक्षता में हुई। जिस बैठक में भाजपा कानूनी प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों ने सब सदस्यों ने भाग लिया और इस अवसर परश्री सुभाष हाड़ा जी ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि वर्तमान आर्थिक नीतियां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की देन है अपने समय के बहुत बड़े अर्थशास्त्र के विद्वान रहे जिन्होंने सारा जीवन जिस सादगी से बिताया वह अपने आप में एक मिसाल है और कांग्रेस के राज्य में जिस प्रकार उनकी निर्मम हत्या ट्रेन में हुई वह भी अपने आप मे बहुत बड़ा रहस्य है क्योंकि उसे वक्त की सरकार है उनके आर्थिक सुधारो से परेशान थी और वह नहीं चाहती थी कि अंत्योदय का लाभ आम आदमी को मिले। इस अवसर पर बोलते हुए मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी जनसंघ के अध्यक्ष रहे और एक सफल संगठन के संगठक के रूप मे जाने जाते थे संगठन को कैसे बनाया और बढ़ाया जाता है यह उनमे कला थी।

हम सब लोगों का यह फर्ज बनता है कि हम देश की जनता को जागरूक करें और पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय के जो संस्कार जीवन के मूल्य थे उससे देश की आने वाली पीढ़ी को अवगत कारें! ताकि उनको इस बात का आभास हो कि उनके पूर्वज इस देश को कहां देखना चाहते थे और आज उन्हीं के आर्थिक

**कार्रवाई**

> 8 पंडित दीनदयाल अपने समय के बहुत बड़े अर्थशास्त्र के विद्वान रहे, जो हमेशा सादगी में जीवनयापन किया

नीतियों का अनुसरण करते हुए भारत देश अमृत काल में फिर से स्वर्णिम भारत की तरफ बढ़ रहा है! इस अवसर पर महिला नेत्री नम्रता गार्डन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन प्रेरणा स्रोत है और हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज को सुदृढ़ और मजबूत करके आगे बढ़ाना है इस अवसर पर इस अवसर पर सभी नेताओं ने उपस्थित सदस्यों ने यह परण लिया कि पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय का जो सादगी भरा जीवन था उसको मिसाल मानते हुए हम भी अपने जीवन और आचरण में इस प्रकार का सुधार लाने का प्रयास करेंगे। अरविंद गॉड, शिवम सचदेवा,जसवीर सैनी,चनदीप सिंह,मार्कण्डेय,सुशील जरोरा,जतिंदर सैनी,गुरजीत सैनी,मोहित मुदगिल, रमेश परवाना,निश्चल गौड़,बिंद्रा , राकेश अग्रवाल,गुलाटी जी,नितेश सहनी,अतुल गोयल,राजेंद्र सिंघाल,आयुष शर्मा,हसीना,विजय कुमार, विकास शर्मा,निखील शर्मा,सलिंदर शर्मा आदि बहुत से अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# संदीप गर्ग ने लोगों से विकास कार्यों पर चर्चा की

**सेवाकार्य**

> 8 समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से भी अधिक हो गए हैं वह हल्के की जनता के बीच में है



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा,(दलबीर मलिक)** लाडवा-बाबैन रोड़ पर सोमवार को नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शहर के लोगों व ग्रामीणों से मुलाकात और विकास कार्यो को लेकर चर्चा की। शहरवासी रमेश चालिया, इमना कटारिया, घनश्याम काम्बोज, जितेन्द्र, राजिन्द्र बोडला, दीपक डूडा, सुरेन्द्र गुप्ता, रविन्द्र, शेर सिंह, पंकज कुमार ने कहा कि जिस प्रकार से समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से कार्य कर रहे हैं, ऐसे में ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में भेजने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से भी अधिक हो गए हैं वह हल्के की जनता के बीच में है और हल्के की जनता के लिए जनहित के कार्य कर रहे हैं। ऐसे में अब ग्रामीणों व शहरवासियों ने मन बनाया है कि अब आने वाले विधानसभा चुनावों में उनका साथ देंगे और उन्हें विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। वहीं नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनावों में उन्हें लाडवा विधानसभा से विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का काम किया तो 90 विधानसभाओं में लाडवा विधानसभा हरियाणा के मानचित्र पर अलग ही नजर आएगी। क्योंकि लाडवा हल्के में इतने कार्य करवाए जाएंगे, जो आज से पहले अभी तक नहीं करवाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जनता उनका परिवार है। दिन-प्रतिदिन लोगों के मिल रहे समर्थन से वह और अधिक ऊर्जा व ईमानदारी के साथ लाडवा हल्के की जनता के लिए कार्य करेंगे।

# आदबी संगम साहित्य संस्था ने मासिक बैठक का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज अदबी संगम कुरूक्षेत्र साहित्य संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,अमीन रोड़ कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता आर के शर्मा ने की और संचालन डॉ संजीव अंजुम साहब ने किया।आज गोष्ठी में युवा शायर प्रकाश कुरूक्षेत्री जी के पिताजी के देहांत पर सूबे सिंह सुजान ने शोक प्रस्ताव रखा गया और दो मिनट मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और परिवार को सांत्वना दी गई।आज गोष्ठी में अन्य कवियों में डॉ शकुंतला शर्मा, प्रवीण भारद्वाज,डॉ बलवान सिंह,सुधीर ढांडा, डॉ संजीव अंजुम,आर के शर्मा,सहदेव शर्मा,सूबे सिंह सुजान,सतीश कुमार गर्ग गैर, संजय मित्तल, मोती राम तुर्क आदि शामिल रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बच्चों को डीपीटी टेटनस के इंजेक्शन लगाएं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गांव समसीपुर के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को डीपीटी टेटनस के इंजेक्शन लगाए गए व सभी बच्चों का हिमोग्लोबिन चेक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वास्थ्य कर्मी भूपेंद्र सिंह चहल, निर्मल एएनएम, मंजू एएनएम, सिमरन सी एच ओ, स्कूल के अध्यापक गेजपाल, अशोक कुमार उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भूपेंद्र सिंह चहल ने ग्राम वासियों को कहा कि जागरूकता के साथ साथ सभी अपने घरों के



आसपास साफ सफाई रखें और पानी को न खड़ा होने दे। घरों में यदि कूलर का प्रयोग करते हैं तो हर सप्ताह ड्राई डे मनाते हुए कूलर का पानी निकाल कर उसे अच्छी तरह से सुखाएं ।खड़े पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैं । ऐसे स्थान पर डेंगू मार दवाई का छिड़काव करवाएं।

उन्होंने कहा कि जागरूकता और सावधानी से ही डेंगू और मलेरिया से परिवार के सभी सदस्यों को बचाया जा सकता है ।चहल ने कहा कि साफ सफाई में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरतें।

# आईटीआई में सेमिनार व स्वच्छता रैली का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** नेहरू युवा केंद्र नारनौल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के मौके पर राजकीय आईटीआई नारनौल में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर अपने विचार रखें। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने युवाओं से महापुरुषों के जीवनी के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर एक युवा देश का उज्ज्वल भविष्य है जो देश को सामाजिक, आर्थिक विकास में सही योगदान दे सकता है। इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नारनौल की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए स्वच्छता के नारों के साथ लोगों को जागरूक किया गया।

# सरकारी स्कूल में लगाई गई प्रदर्शनी में छात्रों ने सुंदर मॉडल एवं चार्ट बनाएं

**प्रदर्शन**

> 8 प्रदर्शनी में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ दलबीर मलिक)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरीफगढ़ में प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती तनुपम शर्मा के अध्यक्षता में साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बच्चों ने साइंस से संबंधित बहुत सुंदर मॉडल और चार्ट बनाएं।

इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल महोदया श्रीमती तनुपम शर्मा जी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया वह बच्चों को साइंस के महत्व के बारे में बताया। यह प्रदर्शनी साइंस अध्यापिका श्रीमती रेखा जी व गणित अध्यापिका श्रीमती सरोज जी की अध्यक्षता में की गई।

इस अवसर पर स्कूल के अन्य अध्यापक मनप्रीत , दिलमेर सिंह, सोनिया रानी, मीनाक्षी देवी, श्रीमती पूनम, वीना जी , एबीआरसी लालिमा उपस्थित रहे।

# युवाओं ने मनाया शहीद भगत सिंह का जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** शहीद ए आजम भगत सिंह का जन्मोत्सव युवाओं ने मनाया है। शहर के हम (हरियाणा उन्नति मोर्चा) द्वारा आयोजित पैदल तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लेकर शहीद भगत सिंह का जन्मदिन मनाया है। पैदल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हिंदू कॉलेज के सामने से शुरू होकर यह तिरंगा वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गो ककरोई रॉड , गीता भवन चोंक , अम्बेडकर चोंक , मामा भांजा चोंक से होते हुए सुभाष चौक पर समापन हुआ । इस यात्रा के दौरान देश भक्ति गीतों पर युवा थिरके एवं देश भक्ति के नारे लगाए । यह तिरंगा वाहन रैली देश के प्रति समर्पित उन अमर शहीदों के बलिदान को याद करने के उद्देश्य से निकाली गई। यात्रा के आरंभ में सूरज देवा ने कहा कि हमने भगत सिंह के आदर्शो को अपने जीवन में ढालने का संकल्प लिया है। यात्रा

**प्रेरणास्त्रोत**

> 8 तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लेकर शहीद भगत सिंह का जन्मदिन मनाया

के समापन पे तुषार पंडत ने कहा की हम पार्टी के सदस्य हर साल भगत सिंह का जन्मोत्सव मानते हैं। हनी दहिया ने कहा की हम भगत सिंह के वंशज हैं जिन्होंने हमारे देश की आजादी में अपनी आहुति दी है । यात्रा में हम के हिन्दू कॉलेज के प्रधान हन्नी दाहिया , तुषार पण्डित ,विनीत सरोहा , हिमांशु , विक्षित , लल्की गहल्याण , ओजस दाहिया , चिराग , विशाल राणा , अंकुश साखा , विशाल राणा , निक्कू राठी , लखि , साक्षि ,राखी , हिमांशी एवं सूरज उर्फ देवा के सदस्य उपस्थित रहे ।

# कविता जैन ने उत्साहपूर्वक मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** हरियाणा की पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती महाराजा अग्रसेन मंडल द्वारा वेस्ट राम नगर में मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। भारतीय जनता पार्टी के महाराजा अग्रसेन मंडल के तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इनमें पूर्व मंत्री कविता जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने जयंती समारोह में शामिल लोगों को प्रोत्साहित किया कि वे मानवतावाद विचारधारा के प्रस्तावक



दीनदयाल उपाध्याय के संदेशों व शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ें। इससे जीवन में सद्गुणों के साथ राष्ट्र भक्ति की भावना विकसित होगी। किसी भी नागरिक के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए।

इस दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन ने हिस्सा लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाएं राष्ट्र के विकास को नै ऊंचाइयों पर ले जाएँगी । ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व होता है, जिन्होंने पूरे विश्व में देश का डंका बजाते हुए भारत की ताकत का अहसास कराया है।

**नमन**

> 8 उपाध्याय की जयंती महाराजा अग्रसेन मंडल द्वारा वेस्ट राम नगर में मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया

इस मौके पर पूर्व मंत्री कविता जैन ने पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज पहली जरूरत है, जिसके लिए हर व्यक्ति को हर संभव प्रयास करना चाहिए। प्रदूषण का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने होंगे। पर्यावरण संरक्षण किये बिना सुखद एवं सुरक्षित भविष्य की कल्पना निरर्थक साबित होगी।

# 19 केवी क्षमता से नीचे के जनरेटर सेट को रहेगी छूट

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि नए नियमों के तहत बिजली उत्पादन सेट एलपीजी, बायोगैस, प्रोपेन, बुटेन व प्राकृतिक गैस पर चलने वाली सभी क्षमता के जनरेटर सेट पर जीआरएपी की अवधि के दौरान भी कोई प्रतिबंध नहीं है। पोर्टेबल डीजी सेट 19 किलोवाट से कम को भी प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। उन्होंने बताया कि 19 किलोवाट से 125 किलोवाट से कम दोहरे ईंधन मोड (प्राकृतिक गैस और अवधि के अलावा अन्य अवधि डीजल) करवाना होगा। इस तकनीक को अपनाने के बाद कोई प्रतिबंध नहीं है। लेकिन ग्रैप के दौरान अधिकतम 2 घंटे तक चलने की अनुमति दी जाएगी। इसी तरह 125 किलोवाट से 800 से कम दोहरे ईंधन मोड पर कोई प्रतिबंध नहीं (यहां तक कि



जीआरएपी के तहत किलोवाट और रेट्रो-फिट अवधि के दौरान भी) प्रमाणित विक्रेताओं / एजेंसियों के माध्यम से ईसीडीएस। इसके अलावा 800 किलोवाट और उससे अधिक दोहरी ईंधन मोड उत्सर्जन नियंत्रण जीआरएपी के अलावा अन्य अवधि के दौरान कोई या कोई प्रतिबंध नहीं। जीआरएपी के दौरान सिस्टम को अधिकतम 2 घंटे तक चलाने की अनुमति दी जाएगी।

# नारनौल की बेटी महिका गौड़ इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम में प्रमुख गेंदबाज के रूप में शामिल हो दोनों देशों कर रही है नाम रोशन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** कर्मचारी कॉलोनी निवासी एवं बिजली के नामी ठेकेदार सुनील गौड़ की भतीजी एवं स्वर्गीय श्री अजुध्या प्रसाद गौड़ की पोत्री महिका गौड़ ने हाल ही में इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम के लिए दूसरा मैच खेलते हुए इंग्लैंड की टीम को जीत दिलाई। इस मैच में महिका ने श्रीलंका के 3 विकेट चटकाए। महिका इससे पहले यूएई की टीम की तरफ से भी खेल चुकी है। महिका की शानदार उपलब्धि पर श्री गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल के प्रधान एवं वरिष्ठ एडवोकेट राकेश मेहता ने बधाई देते हुए कहा की बेटी दिवस के ऊपर महिका की इस उपलब्धि से न केवल इंग्लैंड बल्कि भारत का भी नाम रोशन हुआ है।



उन्होंने महिका के चाचा सुनील गौड़ को बधाई देते हुए कहा की उनकी भतीजी ने इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलते हुए नारनौल का नाम भी ऊंचा किया है। गौरतलब है कि की महिका के पिता अनिल गौड़ इंग्लैंड में एक आईटी कंपनी में वरिष्ठ अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वे लंबे समय से इंग्लैंड में ही रह रहे हैं। महिका की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। महिका ने बताया कि इंग्लैंड की टीम में शामिल होने वाली वह दक्षिण एशिया की पहली खिलाड़ी है। महिका के पिता अनिल वर्ष 2014 में कंपनी की तरफ से यूएई में भेज दिया गया थे, वही महिका गौड़ इससे पहले ही इंग्लैंड में क्रिकेट में अपना करियर बनाने के लिए वहां के एक क्लब को ज्वाइन कर चुकी थीं। सुनील गौड़ जो कि महिका के चाचा हैं, उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में उनके भाई अनिल गौड़, महिका व परिवार के सभी सदस्य नारनौल आए हुए थे। उस समय जयपुर में आईपीएल मैच का आयोजन हो रहा था जिसे देखने महिका परिवार के साथ देखने गई थी। मैच देखने के बाद महिका की क्रिकेट में रुचि बढ़ गई और गार्डन में नियमित अभ्यास करने लगी और उसके बाद उसने क्लब ज्वॉइन किया और आज वह इंग्लैंड की राष्ट्रीय महिला टीम में शामिल होकर नापने केवल अपने परिवार का और भारत देश का बल्कि अपने देश का नाम भी रोशन कर रही है।

**उपलब्धि**

> 8 महिका गौड़ ने महिला क्रिकेट टीम के लिए दूसरा मैच खेलते हुए इंग्लैंड की टीम को जीत दिलाई

## न्यूज फ्लैश

### सर्वोकॉन ने विस्तार की घोषणा की, उत्तर प्रदेश के हापुड में नई फैक्टरी का होगा निर्माण

**ग्रेटर नोएडा।** सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड, भारत की प्रमुख बिजली संशोधन उपकरण और ट्रांसफार्मर निमार्ता कंपनी, ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के मौके पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करने का मौका चुना है, जो भारत एक्सपो सेंटर और मार्ट, ग्रेटर नोएडा, 21 से 25 सितंबर को हो रहा है। कंपनी अब हापुड़, उत्तर प्रदेश में एक नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए एक बड़े पैमाने पर निवेश का चयन किया है, जिसमें 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो रहा है। इस नई नवीनतम सुविधा के लिए मूल स्तंभ का शिलान्यास जल्द ही किया जाने वाला है, जो सर्वोकॉन के 35 साल के उद्घाटन के महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताता है। नई फैक्टरी, जिसका आकार लगभग 25,000 वर्ग मीटर है, सर्वोकॉन की उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को रोजगार के अवसर पैदा करके योगदान करेगी। इस रणनीतिक विस्तार से कंपनी की क्षमताएँ मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे 220 किलोवोल्ट क्लास तक के ट्रांसफार्मर्स का निर्माण किया जा सकेगा और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण के लिए एक नई प्लांट का मार्ग बनेगा। सर्वोकॉन बिजली संशोधन और वोल्टेज स्थिरकरण के क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने का काम जारी रख रहा है। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री हाजी कमरुद्दीन ने विस्तार और क्षमता में अपनी उत्साहज भावना व्यक्त की और बताया, "यह विस्तार सर्वोकॉन के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा का परिचय करके खुशी है, जिससे हमारी उत्पादन क्षमता को 220 किलोवोल्ट क्लास ट्रांसफार्मर्स तक निर्माण करने की समर्थना मिलेगी और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण की जा सकेगी। सर्वोकॉन पर, हमारा अटल प्रतिबद्धता उत्कृष्टता के प्रति हमें प्रेरित करती है, और यह निवेश हमारे उद्घाटन ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के प्रति हमारी समर्पण को पुन: पुष्टि करता है।

### आकाश बायजूस के 35वें स्थापना दिवस पर 978 रक्तवीरों ने डोनेट किया ब्लड



**रोहतक।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी, आकाश बायजूस ने उत्तर भारत में जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान राज्यों की 46 शाखाओं में अपने 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिन शहरों में भारी संख्या में रक्तदाता आए उनमें जम्मू, जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, रोहतक, हिसार, करनाल, जयपुर, जोधपुर और सीकर शामिल हैं। यहां कुल 978 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस कार्यक्रम में आकाश के समर्पित स्टाफ सदस्यों सहित बड़े पैमाने पर लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। नीट, आईआईटी जेईई और ओलंपियाड की तैयारी के लिए देश के प्रमुख संस्थान के रूप में आकाश को सामाजिक जिम्मेदारी की मजबूत भावना के लिए भी जाना जाता है। संस्था के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर समाज को वापस लौटाने की आकाश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह आयोजन एक जबरदस्त सफलता थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करने आए और जीवन बचाने के नेक काम में अपना योगदान दिया।

### ऋषिहुड युनिवर्सिटी ने अपने दूसरे दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को डिग्री से किया सम्मानित

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में स्थित भारत की पहली इम्पैक्ट युनिवर्सिटी ऋषिहुड युनिवर्सिटी ने 23 सितम्बर 2023 को अपने परिसर में दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर युनिवर्सिटी ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों एवं पोस्टग्रेजुएट प्रोग्रामों के छात्रों को डिग्री से सम्मानित किया। विभिन्न कोर्सेज जैसे एम.डिजाइन, एमबीए, पीजीडीपीएल, बीबीए और बीए ऑनर्स इन एजुकेशन एवं बीए ऑनर्स इन साइकोलोजी के छात्रो को डिग्री दी गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व भारतीय सेना अधिकारी मेजर जनरल इयान काडोजी एवीएसएम एसएम (सेवानिवृत) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। वे एक बटालियन और एक ब्रिगेड की कमान संभालने वाले भारतीय सेना के पहले युद्ध-विकलांग अधिकारी हैं तथा पहले एनडीए कैडेट हैं जिन्हें गोल्ड और सिल्वर दोनों मैडल्स से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर श्री सुरेश प्रभु, सह-संस्थापक एवं चांसलर तथा पूर्व केबिनेट मंत्री एवं संसद सदस्य श्री शोभित माथुर, वाईस चांसलर और, गायत्री, परिवार, सह-सस्थापक तथा अन्य गणमान्य दिग्गज भी मौजूद रहे।

# 7 पहलवानों का ग्रेपलिंग रेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप में चयन

## भीम अवॉर्डी, भारत केसरी पहलवान नवीन मोर ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। लड़सौली गांव** स्थित पदम श्री द्रोणाचार्य गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी अकेडमी लड़सौली के 7 पहलवान ग्रेपलिंग रेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अकेडमी के संचालक भीम अवॉर्डी, भारत केसरी पहलवान नवीन मोर ने बताया कि रोहतक में 21 से 23 सितंबर तक हुई हरियाणा स्टेंट ट्रायल में सभी पहलवानों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक एमडीयू यूनिवर्सिटी रोहतक में ग्रिपलिंग रेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की टीम में अपना स्थान पक्का किया। इसमें अकेडमी के 7 पहलवान भाग लेंगे, जिनमें 2 लड़कियां भी शामिल है। पहलवान मोर ने बताया कि 40 किलो ग्राम भार वर्ग में रितिका मोर (लड़सौली)49 किलो भार वर्ग जूनियर में अनुष्का (हथवाला समालखा) 58 किलो भार वर्ग जूनियर में अंकित मोर(लड़सौली )जूनियर 63 किलो भार वर्ग जूनियर में विनायक त्यागी (हथवाला समालखा)75 किलो भार वर्ग जूनियर में सावन कटारिया (सहापुर )80 किलो भार वर्ग सीनियर में रोहित (बामला भिवानी)85 किलो भार वर्ग जूनियर में दीपू दीपांशु (भिगान) अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अकेडमी के संसथापक चांद राम पहलवान पूर्व कबड्डी कप्तान, रमेश मोर पहलवान, प्रधान धर्मवीर मोर, नवीन मोर के पिता राम कुमार मोर, देवेन्द्र फौजी डाहर, कोच दलबीर, अजीत मलिक पहलवान, रमेश बेनीवाल (डब्बू,जोशिल मोर पहलवान (बबलू)नितिन त्यागी,अशोक पहलवान, रोहित मलिक, दीपक भौरिया आदि ने पहलवानों को गांव और अकेडमी का नाम रौशन करने पर आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नाहरी में सुविधाओं से वंचित कालोनी में कांग्रेस नेता ने सुनी लोगों की



**राई। नाहरी गांव** में बाहरी सुन्दर कालोनी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं खेवड़ा गांव के सरपंच संजय आंतिल को कालोनी के लोगों ने ज्ञापन देकर कालोनी में मूलभुत सुविधाएं उपल्बध कराने व समस्या के समाधान की मांग की। ज्ञापन के बाद आंतिल ने कालोनी के लोगों को आश्वाशन दिया कि वे उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब, मजदूर की सच्ची हितैषी है। कालोनी में करीब 800 घर बने हुए है। उसके बाद आज भी सुविधाएं नही है। कालोनी के लोग सत्ता के नेताओं से मांग कर चुके है। ना ही बिजली की उचित व्यवस्था है, कच्ची गलियां और नालियां दुर्घटना और बीमारी को न्यौता दे रही हैं। लोगों का जीवन समस्याओं से जूझ रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री सभी समस्याओं का

## सेवा-कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गांव बड़ी** में स्वच्छता ही सेवा-कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में खण्ड संजोयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शिव ने की। गांव की सरपंच नीरज त्यागी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों व ग्रामीणों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना हमारा पहला कर्तव्य है क्योंकि अगर हमारे गांव में साफ-सफाई रहेगी तो यहां पर बीमारियों भी कम फैलेंगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को शपथ दिलवाई कि वे अपने गांव व घर को साफ सुथरा रखेंगे। कार्यक्रम में ग्राम सचिव कुलदीप ने भी स्कूल के बच्चों को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत जागरूक किया।

## नगर परिषद कर्मियों की मांग, जल्द समझौता लागू करें सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी नगर परिषद कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने नगर परिषद विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल की। नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले भूख हड़ताल पर बैठे सोनू, कमल, राहुल, सुनील, बूंदू राम, प्रदीप राठी, दलबीर, रिंकू, राज कुमार ने बताया कि सरकार ने नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ 29 अक्तूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को जो समझौता किया था उसे लागू नहीं किया गया। सरकार को चाहिए कि वह यह समझौता लागू करे अन्यथा आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कि सरकार कच्चे कर्मचारियों का पक्का करे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में कमेटी गठित की गई थी।

## नेशनल महिला सीनियर नेटबॉल में कोमल नांदल ने पदक जीतकर किया गांव का नाम रौशन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। नेटबाल प्रतियोगिता** में गांव उदेशीपुर की खिलाड़ी कोमल नांदल ने 41 वीं नेशनल महिला सीनियर नेटबाल प्रतियोगिता में अपनी टीम में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान दिलाया। विजेता खिलाड़ी कोमल नांदल का नेटबाल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिओम कौशिक व कोमन के पिता कप्तान नांदल ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नेटबाल एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव पहलवान ओम, चांद पहलवान ने टीम को बधाई दी। विजेता खिलाड़ी कोमल नांदल ने बताया कि प्रतियोगिता खरखौदा के कन्या कालेज में 21 से 24 सितंबर तक हुई थी। प्रतियोगिता का फाईनल मैच हरियाणा और राजस्थान की लड़कियों के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा की टीम ने राजस्थान की टीम को 41-35 के अंतर से पराजित किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान बतौर मुख्यातिथि पहुंचे अर्जुन अवार्डी मंजीत छिल्लर ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पुरखास मंडल ने पंडित दीन दयाल की जयंती धूमधाम से मनाई



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। पुरखास मंडल के** गांव खेड़ी गुज्जर में जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मंडलध्यक्ष राजेश के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। इस मौके पर उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके सपने को पूरा करने का संकल्प लेते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। राजेश ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने जो सपना देखा था वह आज केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार साकार करने में लगी हुई है। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को सबसे निचले तबके तक पहुंचाने को कहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष निशांत छौक्कर, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सेठपाल छौक्कर, मण्डल महामंत्री सुखबीर ने दीन दयाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश और समाज के लिए किए गए दीन दयाल उपाध्याय के कार्यों और जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके सपने को पूरा करने का संकल्प लेते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला**

उन्होंने कहा कि तीन वर्ष की आयु में उनके पिता भगवती और सात वर्ष की आयु में माता राम प्यारी का निधन हो गया था। बड़ी कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और इस बीच वह राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के संपर्क में आए। ठीक यही से उनके जीवन ने एक सही दिशा पकड़ते हुए जनसंघ पार्टी की स्थापना कर डाली। उन्होंने कहा कि वह चुनाव भी जीते, मगर राजनीति का कभी दुरुपयोग नहीं किया, सदैव सादगी से परिपूर्ण जीवन व्यतीत किए जाने को तरहीज दी।

1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना किए जाने का श्रेय भी उन्ही को जाता है। इस मौके पर प्रजापति, सहदेव, विनोद, अमित, सोनू, मंगल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोऑपरेटिव बैंक में लाकरों के ताले तोड़ लाखों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) बलदेव नगर स्थित** को-ऑपरेटिव बैंक को चोरों ने निशाना बनाया। चोर बैंक के लॉकरों को तोड़कर वहां रखे ग्राहकों के जेवर ले उड़े। घटना का उस समय पता चला जब आज सुबह कर्मचारी बैंक पहुंचे। शनिवार-रविवार को छुट्टी होने के कारण 2 दिन बैंक बंद था। इसी दौरान चोरों ने बैंक में सेंध लगाकर घटना को अंजाम दिया है। अभी नुकसान का अंदाजा नहीं लगाया जा सका है। चोर बैंक की दीवार में छेद कर घुसे थे। लॉकरों से जेवरात और अन्य सामान निकालने के बाद खाली पर्स और डिब्बे वहीं छोड़ गए। सबूत मिटाने के लिए वह अपने साथ सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए। जानकारी के मुताबिक बैंक के 1 से 13 नंबर तकए 34, 35 व 36, 51 व 66 और 76 से 90 नंबर तक लॉकर टूटे हैं। कुल 32 में से 24 लॉकरों में सामान था। पुलिस अधिकारी बैंक में जांच कर रहे है। वहीं सूचना पर ग्राहक भी बैंक पहुंचे है। पुलिस ने बैंक का गेट बंद किया हुआ था। लोग बाहर ही खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। बैंक मैनेजर भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि चोरों ने लॉकरों को कटर से काटा है। चोर कितना सामान लेकर गए है इसका आकलन किया जा रहा है। शाम तक ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितना नुकसान हुआ है। टैगोर गार्डन निवासी कांता देवी ने बताया कि उसके लॉकर में करीब 20 तोले सोना रखा था। इसके अलावा कॅश थी। पुलिस उन्हें बैंक के अंदर नहीं जाने दे रही है। वही हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी नीलम सितारा ने बताया कि उसका 15-16 सालों से 45 तोले सोना लॉकर में रखा था।

## अवैध संबंधों के चलते इंद्रपुरी के रामशरण को मौत के घाट उतारा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी में तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की शिनाख्त इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी रामशरण उर्फ काला के रूप में हुई है। रामशरण का शव सुबह टांगरी बांध के पास मिला। सूचना मिलने के बाद डीएसपी आशीष चौधरी महेश नगर थाना प्रभारी रामपाल सिंह, सीआईए-2 प्रभारी संदीप कुमार, शहजादपुर सीआई प्रभारी बलकार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। जानकारी के मुताबिक टांगरी बांध के निकट परशुराम मंदिर के पास रामशरण ने दुकान का निर्माण कार्य शुरू किया हुआ था। रात को रामशरण यहीं सो गया था। सुबह राहगीरों ने देखा कि रामशरण पर तेजधार हथियार से हमला करके मौत के घाट उतार दिया।

## जागरूक बावरिया समाज संगठन की प्रधान बने पवन



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल । जागरूक** बावरिया समाज संगठन की अटेली के राधाकृष्ण मंदिर में बैठक हुई जिसमें संगठन के पदाधिकारियों की चुनाव हुआ। बैठक के दौरान समाज के भीतर समर्पित व्यक्तियों को प्रमुख भूमिकाए और जिम्मेदारियां आवंटित की गईं। संगठन के प्रधान पवन कुमार को प्रधान सर्वसम्मति से चुना गया। जागरुक बावरिया समाज में फैली कुरीतियों शिक्षा से जोड? का निर्णय लिया गया। उपाध्यक्ष के रूप में एकता चौहान निंभेड़ा, सचिव संजय कुमार, सह सचिव चम्मन सिंह राठोर, भूपेंद्र सिंह राठौड़ को कोषाध्यक्ष बनाया गया। राजेंद्र बवाना को उपकोषाध्यक्ष, कानूनी सलाहकार दिनेश कुमार एडवोकेट, सह सलाहकार अनिल नाहड़, मीडिया प्रभारी विजयपाल जयपुर, संगठन मंत्री बबिता चौहान धर्मपत्नी नरेश कुमार मास्टर, पहला डोनर फाउंडर शशि बाला व सुनील कुमार को बनाया गया है। जागरुक बावरिया समाज संगठन का मिशन सामाजिक जागरूकता, शिक्षा को बढ़ावा देने और ठोस प्रयासों के माध्यम से समुदाय के उत्थान के इर्द-गिर्द घूमता है। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ, संगठन बेहतरी के लिए अधिक प्रभाव और बदलाव की यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है। जागरुक बावरिया समाज संगठन बावरिया समाज संगठन एक समर्पित सामुदायिक पहल है जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाना है।

# आप ने लगाया पंचायत मेला, लोगों ने ज्वॉइन की पार्टी की सदस्यता



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ता रविंद्र सिंह मटरु ने अपने निवास पर विशाल पंचायत मेले का आयोजन किया। इस अवसर पर आप पार्टी की जिला महिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, एससी सेल के जिला अध्यक्ष शशि सिहार, किसान सेल के जिला अध्यक्ष सुनील यादव, बीसी सेल के जिला सचिव जीतू कपिल, रौनक सिंह व अन्य सैकड़ो की संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद थे।रविंद्र मटरू ने बताया कि आज उनके निवास पर दूसरा पंचायत मेला लगाया गया है। इस अवसर पर काफी लोगों ने आप पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रमुख रहे राहुल गोरैया प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक जनशक्ति हरियाणा छात्र विंग, राहुल शर्मा जिला अध्यक्ष लोजपा, मनीष अग्रवाल महासचिव लोजपा छात्रविंग, हरकेश कुमार रेवाड़ी जिला अध्यक्ष छात्र विंग, दीपक मोरवाल प्रधान महासचिव, दीप बदलिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लोजपा समेत काफी युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आप कार्यकर्ता रविंद्र मटरु ने बताया की उनकी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में प्रदेश में लोकसभा की तैयारी शुरू हो चुकी है। उन्हीं के दिशा निर्देश पर शहर के हर वार्ड, हर मोहल्ले व हर गांव में जाकर प्रत्येक बूथ पर 10 युवाओं की जिम्मेदारी लगाने के लिए 6 सितंबर के बाद आज दूसरा पंचायत मेला लगाया गया है, जिसमें युवाओं को पार्टी ज्वॉइन कराया जा रहा हैं, ताकि लोकसभा चुनावों में वे बूथों पर आप योद्धा बनकर पार्टी उम्मीदवारों को जीताने का काम करें। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर यानी आज मंगलवार को भी उनके निवास पर आंखों का छठवां विशाल निशुल्क कैंप लगाया जा रहा है तथा भविष्य में भी हर महीने में एक बार आंखों का निशुल्क कैंप उनके ढिल्लों निवास पर लगाया जाएगा, जहां क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अपनी आंखों को चेक करवा सकता है और डॉक्टर यदि ऑपरेशन के लिए चिन्हित करते हैं तो उनका ऑपरेशन भी उनके पिता के नाम पर बने ट्रस्ट की ओर से निशुल्क कराया जाएगा।

## चौथे दिन भागवत कथा में हुआ वामनावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म का वर्णन

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । करेलिया** बाजार में स्थित बाबा जयरामदास धर्मशाला में गीता विज्ञान प्रचार समिति की ओर से चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती ने भक्तों को भगवान वामनावतार, मत्स्यावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म के बारे में बताया तथा इस दौरान मास्टर अमरसिंह सोनी के निर्देशन में वामनावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की मनमोहक झांकियां भी पेश की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान रतनलाल राठी, सुशील शर्मा एवं सतीश बोहरा थे जिन्होंने सपरिवार पहुंच कर पूजा का कार्य संपन्न करवाया तथा प्रसाद की व्यवस्था भी रतनलाल राठी की ओर से की गई।
भगवान वामन अवतार की कथा का वर्णन करते हुए गुरु जी ने बताया कि विष्णु भगवान ने वामन का रूप धारण कर राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांग कर तीनों लोकों को ही ले लिया था परंतु उसकी दान करने की भावना को देखते हुए भगवान राजा बलि पर प्रसन्न हुए और उसे पाताललोक का अधिपति बना दिया।
श्री कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए गुरु जी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म मथुरा की कारागार में मध्य रात्रि के समय अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। आगे चलकर भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके अपने माता-पिता (वासुदेव देवकी )को कारागार से मुक्त करवाया और स्वयं द्वारिका के राजा बने।

संपादकीय

# राजनीति में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी की जरूरत

**वैश्विक** स्तरपर भारत नारी की पुज्यनीय भूमि है यहां आदि-अनादि काल से नारी का सम्मान किया जाता है जो मां लक्ष्मी सरस्वती दुर्गा काली माता सीता इत्यादि जहां अनेक ऐतिहासिक किस्से दर्ज हैं, वहीं देश की राष्ट्रपति लोकसभा अध्यक्ष प्रधानमंत्री सहित अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर भारतीय नारी आसीन होकर सफलताओं के झंडे गाढ़ चुकी है। नारी शक्ति के सम्मान को आगे बढ़ाते हुए 21 सितंबर 2023 का वह ऐतिहासिक पल इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से शामिल हो गया है, जब संसद के उच्च सदन राज्यसभा में देर रात्रि 214 वोटो से संविधान के 128 वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित कर नारी शक्ति वंदन विधायक 2023 पर मोहर लगाते हुए महिलाओं का विधानसभा लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण पर मोहर लगा दी। बता दें लोकसभा ने 20 सितंबर 2023 को ही 454/2 बहुमत से इस प्रस्ताव को पारित कर दिया था। बता दें स्थानीय स्तरपर भी पंचायत समितियों निकायों स्तर पर पहले भी 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू है परंतु इन स्तरोंपर महिलाआरक्षण का एक कटु सत्य अनुभव अक्सर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सुनाई देते रहता है किचुनकर आई महिलाओं के पति पुत्रों देवर या परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा महिला के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर खुद असंवैधानिक रूप से बैठकों, नीति निर्धारण, आदेशों निदेर्शों, ठेकेदारी दबंगई सहित अनेक प्रत्यय किए जाते हैं यहां तक कि अपनी पत्नी मां या रिश्तेदार के संवैधानिक अधिकार के सील ठपे भी अपने पास रखते हैं और समय, धन, मांग को देखकर उसका उपयोग करते हैं। यह सब नजारे मैनें खुद ने भी हमारे स्थानीय प्रशासन में महिला पार्षद के पति या पुत्रों को करते हुए स्वयं देखा है। होता यह है कि महिला को चुनाव में भी उनके परिजनों द्वारा धूमधाम से उतारा जाता है और जिताया भी जाता है।फिर महिलाका स्थान घर हो जाता है और बाहर का खेला उनके पति या पुत्रों द्वारा किया जाता है। यानें संवैधानिक कार्य को असवैधानिक व्यक्ति विशेष द्वारा किया जाता है जिसे अत्यंत कढ़ाई से ध्यान देने को रेखांकित करना जरूरी है। माननीय पीएम से इस आर्टिकल के माध्यम से मेरा विशेष निवेदन है कि इस कुत्य को रोकने के लिए पार्टी और शासकीय स्तरपर नीति निर्धारण करना समय की मांग है, ताकि महिलाओं को दिखावटीभागीदारी नहीं बल्कि वास्तविक भागीदारी दिलाई जा सके। चूंकि 33 परसेंट आरक्षण पारित हो चुका है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महिला आरक्षण 33 प्रतिशत फिक्स हुआ अब चुनकर आई महिलाओं के पति पुत्र परिवार वालों द्वारा उनके संवैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम महिलाओं के रिश्तेदारों द्वारा असंवैधानिक दखलंदाजी की करें तो, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक आरक्षण कर रखा है। लेकिन नगरीय निकाय में आज भी चुनकर आई महिला पार्षदों के स्थान पर उनके पति, पुत्र, भाई, अन्य रिश्तेदार महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाती रही हैं। निगम में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण किया गया है।

# पर्यटन ही है शांति एवं जीवन मुस्कान का जरिया

**ललित गर्ग**

> "भारत एक विविधतापूर्ण पर्यटन सभावनाओं एवं समृद्धि वाला देश है और यह सांस्कृतिक, प्रकृति, विरासत, शैक्षिक, खेल, ग्रामीण, पर्यावरण-पर्यटन आदि सहित कई प्रकार के पर्यटन प्रदान करता है। भारत की यह विविधता इसे पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनाती है। भारत में पर्यटन में तेज, अधिक टिकाऊ और अधिक समावेशी विकास को बढ़ावा देने की क्षमता है। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से दुनिया को एक परिवार के रूप में विकसित करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है"

**विश्व** पर्यटन दिवस हर साल 27 सितंबर को मनाया जाता है। वर्ष- 2023 की विश्व पर्यटन दिवस की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। हर साल यूनाइटेठ नेशन वर्ल्ड टूरिज्म ओरगेनाइजेशन द्वारा किसी एक देश को पर्यटन दिवस की मेजबानी के लिए चुना जाता है, 2023 में रियाद, सऊदी अरब साम्राज्य इस महत्वपूर्ण दिन के कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है। पिछली साल 2022 में बाली, इंडोनेशिया को मेजबान देश (होस्टिंग कंट्री) चुना गया था। आज विश्वस्तर पर युद्ध की स्थितियां गहराई हुई है, हर व्यक्ति महंगाई, बेरोजागारी, बीमारी, महामारी आदि किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। खुशियों एवं शांतिपूर्ण जीवन को गले लगाने के लिये पर्यटन पर जरूर निकलना चाहिए। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। अनेक कारणों से दुनिया में आर्थिक संकट के बादल मंडरा रहे हैं, इन हालातों हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है उसमें पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। क्योंकि कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। भारत ने अतीत में अपने कल्पित धन, सांस्कृतिक वैभव, प्रकृति एवं मनोरम छटाओं के कारण बहुत से विदेशी यात्रियों को आकर्षित किया। चीनी बौद्ध धर्मनिष्ठ ह्वेनसांग की यात्रा इसका एक उदाहरण है। तीर्थ यात्रा को सम्राट अशोक और सम्राट हर्ष ने बल देने के लिये अनेक निर्माण करवाये। भारतीय अर्थशास्त्र सरकारों के लिये पर्यटन क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे के महत्त्व को इंगित करता है, जिसने अतीत में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात पर्यटन क्षेत्र लगातार पंचवर्षीय योजनाओं का हिस्सा बना रहा है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के बाद भारत में पर्यटन के



विभिन्न रूप जैसे- व्यापार पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन और वन्यजीव पर्यटन आदि प्रस्तुत किये गए। वर्ष 2021 में विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की रिपोर्ट में 178.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में अपने योगदान में छठे स्थान पर है।

भारत एक विविधतापूर्ण पर्यटन संभावनाओं एवं समृद्धि वाला देश है और यह सांस्कृतिक, प्रकृति, विरासत, शैक्षिक, खेल, ग्रामीण, पर्यावरण-पर्यटन आदि सहित कई प्रकार के पर्यटन प्रदान करता है। भारत की यह विविधता इसे पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनाती है। भारत में पर्यटन में तेज, अधिक टिकाऊ और अधिक समावेशी विकास को बढ़ावा देने की क्षमता है। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से दुनिया को एक परिवार के रूप में विकसित करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है। यह विश्व शांति का मुख्य आधार है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।भारत अपनी सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। भारत में विभिन्न संप्रदाय-धर्म और जाति के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण भारत दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। अब तक यात्रा साहित्य की दृष्टि से राहुल सांकृत्यायन का मेरी तिब्बत यात्रा, डॉ. भगवतीशरण उपाध्याय का सागर की लहरों पर, कपूरचंद कुलिश का मैं देखता चला गया, धर्मवीर भारती का ढेले पर हिमालय तथा नेहरू का आंखों देखा रूस, रामेश्वर टांटिया का विश्व यात्रा के संस्मरण, आचार्य तुलसी का यात्रा साहित्य की ही भांति मेरे मित्र श्री पुखराज सेठिया का आओ घूमे अपना देश एक मार्मिक और रोचक यात्रा-वृतांत है। इन यात्रा ग्रंथों में तथ्यपरकता, भौगोलिकता, रोचकता, सरसता और सहजता आदि यात्रा-वृत्त के सभी गुण समाहित हैं। इन ग्रंथों के कारण देश की इन विविधताओं ने ही देश एवं दुनिया के अनेक यायावरी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है। इन यायावरी पुरुषों के जीवन का लक्ष्य जीवन की आपाधापी, भागदौड़ से हटकर प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच जीवन के मायने ढूंढ़ना रहा है। इसी सत्य की खोज ने उन्हें ऐसे-ऐसे ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थलों से साक्षात्कार करवाया है। इन यात्रा-ग्रंथों में केवल प्रमुख दर्शनीय स्थलों का वर्णन नहीं है बल्कि वहां के लोगों, वहां के खान-पान, वहां की जीवनशैली, वहां के सांस्कृतिक मूल्य, वहां के ऐतिहासिक तथ्य का भी जीवंत प्रस्तुतीकरण है। यह भारत पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण है। इस भारत की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है।

जिससे इस बहुरूपी भारत को उसके बहुआयामी और निहंग वास्तविक रूप में देखा जा सके और ऊबड़-खाबड़ अनगढ़ता की परतों में छिपी सुंदरता को उद्घाटित किया जा सके।

हम भारत को एक गुलदस्ते की भांति अनुभव करते हैं, एक ऐसा गुलदस्ता जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के पुष्प सुसज्जित हैं। किसी फूल में कश्मीर की लालिमा है तो किसी में कामरूप का जादू। कोई फूल पंजाब की कली संजोए हैं, तो किसी में तमिलनाडु की किसी श्यामा का तरन्नुम। किसी में राजस्थान के बलिदान की गाथाएं है तो किसी में उत्तरप्रदेश की धार्मिकता।

कविता

खुद की तलाश में में।
क्या कभी आपने
अपने आप को
खुद में पहचानने,
खोजने की कोशिश की है,
उस सच की तलाश की है,
जो आपके अंदर
सदियों से समाया हुआ है,
आपके अंदर,
तिल तिल कर जिंदा है
आप के मनोभावों के साथ
बाहर आना चाहता हो,
आपने अंदर के मासूम बच्चे
को जीने की कोशिश की है।
आप कभी यूं ही बेवजह
मुस्कुराये,
खिलखिलाये है,
रोज एक नया मुखौटा लेकर
एक नए-नए पलों को
जीते चले जा रहे हैं,
जिंदगी के सच का
सामना नहीं कर सकते हैं,
वही सच जो आपको
वर्तमान का आईना
भी दिखाता है,
आप भागते हैं कड़वी
सच्चाईयों से,
और निकल पड़ते हैं,
नए चेहरे की तलाश में

**संजीव**

# पश्चिम दर्शन से दिग्गभ्रमित युवा वर्ग

**संजीव**

**समय** के परिवर्तन के साथ ही भौतिकता ने अपना परचम फैलाना शुरू कर दिया है' पाश्चात्य शैली की आधुनिकता ने वैदिक और संस्कारी परिवारों में विखंडन की बड़ी विभीषिका ने आमद शुरू कर दी है। बड़े और संस्कारी परिवार गिनती के शेष रह गए हैं। परिवारों में स्नेह,प्यार और आपसी सम्मान की भावनाओं में बेहद कमी होने लगी है। भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है। भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है' बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है' महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है' बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है' उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है' देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है' करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है।

वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें' इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी।

विचार

# वीर शिवाजी की जगदंबा तलवार कब आएगी लंदन से

**कौशिक कृष्ण मेहता**

**राष्ट्रीय अ**स्मिता की आन-बान-शान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध भाजपा नीत केंद्र सरकार की कोशिश से छत्रपति शिवाजी महाराज के वाघ नख के लंदन से आने का मार्ग प्रशस्त होने के साथ बड़ा सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या जगदंबा तलवार को लाने की कोशिश भी की जाएगी। लोगों का सवाल पूछना जायज है। वह इसलिए कि मोदी है तो सब मुमकिन है। इसलिए देश की उम्मीदें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बढ़ जाती हैं। वाघ नख भारत के गौरव का प्रतीक है। शिवाजी महाराज ने 1659 में इसी से ही बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को मौत के घाट उतारा था। यह वाघ नख राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। वह छत्रपति शिवाजी के शौर्य, साहस और पराक्रम की प्रतीक है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार कह चुके हैं कि ब्रिटेन के अधिकारियों ने अपने एक पत्र में वाघ नख वापस देने पर रजामंदी जता दी है। बाघ के पंजों से प्रेरणा लेकर बना वाघ नख हथेली में छुपाकर अंगुलियों के जोड़ों पर पहना जाने वाले लोहे का हथियार है। इसमें चार नुकीले कांटे होते हैं। इन कांटों से दुश्मन के सीने को निशाना बनाया जाता है। इसके वार से दुश्मन की मौत होना तय मानी जाती है। मजबूत कद काठी के अफजल खान ने शिवाजी महाराज को मिलने के लिए बुलाया था। कहते हैं कि उसकी योजना छोटे कद लेकिन फौलादी इरादों वाले शिवाजी से गले मिलने के बहाने उन्हें बांहों में भरकर जान लेने की थी। मराठा छत्रप ने उसका इरादा भांप लिया। जैसे ही अफजल ने बांहों में भरकर दबाने की कोशिश की, शिवाजी महाराज ने वाघ नख से उसके सीने को चीर दिया। केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार ने इसी वर्ष मई में जानकारी दी थी कि पिछले नौ साल में विभिन्न देशों से करीब 251 प्राचीन कलाकृतियां भारत वापस लाई जा चुकी हैं। 72 और ऐसी कलाकृतियां भारत वापस लाए जाने की प्रकिया में हैं। इनमें शिवाजी महाराज की जगदंबा तलवार भी है। इस जानकारी में कहा गया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश की प्राचीन वस्तुओं और कलाकृतियों को दुनियाभर से वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। 24 अप्रैल तक भारतीय मूल की 251 कीमती वस्तुएं विभिन्न देशों से वापस लाई गईं। इनमें से 238 वस्तुएं 2014 के बाद से वापस लाई गई हैं। इन कलाकृतियों में करीब 1100 वर्ष पुरानी नटराज मूर्ति और नालंदा संग्रहालय से करीब छह दशक पहले गायब बुद्ध की 12वीं सदी की कांस्य प्रतिमा है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि शिवाजी महाराज के पास तीन तलवारें थीं। इनके नाम थे भवानी, जगदंबा और तुलजा। इनमें से भवानी और तुलजा कहां हैं, इसके बारे में किसी को कोई भी जानकारी नहीं है। दोनों तलवारें करीब 200 साल से गायब हैं। जगदंबा तलवार जरूर लंदन में विक्टोरिया-अल्बर्ट संग्रहालय में है। इस तलवार के वापसी के लिए भी भारत प्रयास कर रहा है। कोशिश यह है कि शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ (वर्ष 2024) के पहले इसे देश लाया जाए।नरेन्द्र मोदी सरकार की कोशिश यह है कि कोहिनूर हीरा, टीपू सुल्तान के बाघ (खिलौना), महाराजा रणजीत सिंह के सिंहासन, भगवान बुद्ध की प्रतिमा और संगमरमर की सरस्वती प्रतिमा को भी जल्द भारत लाया जाए। दुनिया में मशहूर बेशकीमती कोहिनूर हीरा इस समय ब्रिटिश राजपरिवार के पास है। कोहिनूर हीरा 105.6 कैरेट का है। इस हीरे के बारे में कहा जाता है कि इसे न तो कभी खरीदा गया और न ही किसी ने बेचा। इसे या तो युद्ध में जीता गया या फिर किसी शासक ने दूसरे को तोहफे के रूप में दिया। यह हीरा भारत की गोलकुंडा खान से निकला था। ईस्ट इंडिया कंपनी के पास जाने से पहले यह महाराणा रणजीत सिंह के खजाने में था। 1849 में यह ईस्ट इंडिया कंपनी के हाथ लगा। इसके बाद उसे ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया के पास पहुंचा दिया गया। केंद्र सरकार इसे वापस लाने के कूटनीतिक प्रयास कर रही है। टीपू सुल्तान का बाघ 18वीं शताब्दी का आटोमैटिक खिलौना है।

एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

व्यंग्य

# मेंढ़कलाल की फुदकियाँ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**हे मेंढ़कलाल! आ**पकी फुदकियों को शत-शत प्रणाम।

पिछले कई वर्षों से पाँच का पहाड़ा पढ़कर पाँच, दस, पंद्रह वर्ष के अंत में हमारे यहाँ दर्शन दे जाते हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि आप इकलौते ऐसे मेंढ़क हैं जो बिना नागा गर्मी के मौसम में फुदकने का करतब बड़ी लगन से दिखाते हैं। कुछ दिन पहले जनता का सैलाब देखकर आपका छपछपाना बड़ा मजा दे गया। हम आपको पाँच साल तक गरियाते रहे, लेकिन आप थे कि बेशर्मों की तरह बत्तीसी खिखियाते हुए एयर इंडिया के महाराज की तरह सिर झुकाए हमारा आदर कर रहे थे। आपसे जो भी शिकायतें थीं वे सारी की सारी ऐसे फुर्र हुई जैसे देर से आई सजनी का चुम्मा पाकर सजना का गुस्सा। आप जब भी आते हैं कोई न कोई पैकेज का पैकेट ऐसे लुटाते हैं जैसे कुत्तों के बीच बिस्कुट। बस फर्क इतना है कि नकली कुत्तों को असली बिस्कुट मिलते हैं और असली कुत्तों को नकली। असली कुत्तों को नकली बनाने और खुद असली कुत्ते बनने के लिए जनता हमेशा अपने-अपने मेंढ़कलाल ढूँढ़ ही लेती है। पिछले कुछ दिनों से देशभर के मोहल्लों में आपके कानफाड़ू भोंपुओं की कृपा से हमारे कान केवल आपको ही सुन पा रहे है। यही वह समय होता है जब जनता अपना मुँह और मेंढ़कलाल जैसे नेता अपने कान से दिव्यांग हो जाते हैं। यह दिव्यांगपन आगे चलकर हम जैसों पर शासन करने की चमत्कारिक शक्ति प्रदान करता है। आपके चुनावी वादों का कागजी रिम इतना भारी भरकम था जिसके डुबोने से समुद्र का पानी खाली हो जाता है। आपके नाम वाले बटन पर हमारी तर्जनी अंगुली की नीली स्याही उफान मारने में कोई कोताही न बरते इसके लिए हमारे बदन को मधुशाला का समुंदर बना डाला, जिसमें डूब तो सकते हैं, किंतु जी नहीं सकते। हमने देखा कि जिस मेंढ़कलाल के पास खुद की खुजली खुजलाने भर की फर्सत नहीं थी, वे पिछले कई दिनों से हमें नहलाने, पोंछने, खिलाने, पिलाने और यहाँ तक कि हमारे सामने कत्थक करने के लिए भी उतारू हो गए। इतने उतारूपन को देखते हुए एक बार के लिए लगा कि क्यों न हम आपके मुँह पर थूक दें, लेकिन हमें हमारा वोटर धर्म याद आ गया। हम चाहकर भी यह नहीं कर सकते थे।

# सुखमय जीवन के लिए पर्यावरण स्वास्थ्य जरुरी

**बाल मुकुन्द ओझा**

आज विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस है । इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हेल्थ द्वारा विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 26 सितंबर 2011 से शुरू किया गया था। यह दिन इसलिए मनाना शुरू किया गया था ताकि लोगों में एनवायरनमेंटल हेल्थ और इससे जुड़ी समस्याओं को लेकर जागरूक किया जा सके। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस एक प्रकार का विज्ञान है, जो व्यक्ति को बीमारी, चोट लगने या किसी प्रकार की कुदरती या स्वास्थ्य की परेशानियों से दूर रख सकता है। इन्हीं चीजों का ध्यान रखने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस 2023 की थीम पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य : हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना रखी गई है। पर्यावरण स्वास्थ्य का तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र की भौतिक, रासायनिक, जैविक और सांस्कृतिक स्थिति से है। खराब वायु गुणवत्ता, पारिस्थितिक विविधता का नुकसान, रासायनिक असंतुलन आदि जैसे पहलू किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। पर्यावरण हर दिन के हर पल में हमारे स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने में हमारी मदद कर रहा है। इसलिए, हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखना होगा। पर्यावरण को लेकर आज समूचा विश्व चिन्तित है। आखिर यह पर्यावरण है क्या और इससे चिन्तित होने के कारण क्या हैं? पर्यावरण वायु, जल, मृदा, मानव और वृक्षों को लेकर बना है। इनमें से किसी भी एक तत्व का क्षरण होता है तो उसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ता है। प्रदूषण भी पर्यावरण के लिए खतरे की घंटीबना हुआ है। पेड़, पौधे, जलवायु मानव जीवन को प्रभावित करते हैं। किसी भी एक तल के असंतुलित होने पर पर्यावरण प्रक्रिया असहज हो जाती है जिसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ता है। विश्व ने जैसे-जैसे विकास और प्रगति हासिल की है वैसे-वैसे पर्यावरण असंतुलित होता गया है। बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां, कल- कारखाने, उससे निकलते धुंए, वाहनों से निकलने वाले धुएं, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, नदी और तालाबों का प्रदूषित होना आदि घटनाएं पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है।

## न्यूज फ्लैश

### डेरे में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए असंध** स्टॉफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर ललित कुमार उर्फ राजिंद्र पुत्र श्यामलाल वासी मुंडलाना थाना सदर गोहाना सोनीपत को असंध से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 102 ग्राम चांदी और 2500 रुपए नगद बरामद किए गए।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी ने 14 सितंबर को डेरा उपलाना में घुसकर 150 ग्राम चांदी और बीस हजार रुपए नगद चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में शिकायतकर्ता महंत सिंह की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना असंध में भादंसं की धारा-454, 380 के तहत मामला दर्ज किया गया।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है, जो कि घुमंतू बाबा की वेशभूषा में रहता है और अत्यधिक नशा करने का आदी है। आरोपी ने नशापूर्ति के लिए ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)


# निगम आयुक्त ने मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नागरिकों की** सहूलियत से जुड़े विकास कार्यों को प्रगति पर रखने व कार्यों में गुणवत्ता जांचने को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने, निगम द्वारा सभी वार्डों में करवाए जा रहे सडकों के सुद्दढ़ीकरण व मरम्मत कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की फाईल देखकर सम्बंधित इंजीनियर से उनकी रिपोर्ट ली।

बता दें कि नगर निगम की ओर से सभी 20 वार्डों में पैच वर्क, गलियों की रिपेयर, गढ्ढे भरने, नालियां रिपेयर, सीवरेज व मेनहोल के ढक्कन, नाला स्लैब, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉग गलियों की रिलेयिंग, पानी निकासी व पार्कों की रिपेयर करने जैसे जन सुविधाओं की मरम्मत के कार्य करवाए जा रहे हैं। इन कार्यों पर अनुमानित 3 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

इन क्षेत्रों का किया निरीक्षण- दौरे में निगमायुक्त ने वार्ड नम्बर 11 के मॉडल टाऊन क्षेत्र में मार्किट रोड की चल रहे मरम्मत कार्य को चैक किया। उन्होंने तारकोल युक्त सडक की मौटाई और सामग्री डालने से पहले टैक कोट का छिडकाव किया गया है या नही, को देखा। मौके पर काम को सही देख उन्होंने अपनी संतुष्टिद्द जाहिर की। उन्होंने मॉडल टाऊन में ही राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय के सामने मौजूद सडक की सामग्री और मौटाई, एस्टीमेट के अनुसार रखी गई है या नहीं, को भी जांचा।

इसके पश्चात निगमायुक्त वार्ड नम्बर 12 के न्यायपुरी क्षेत्र में स्टेडियम की ओर जाने वाली सडक का निरीक्षण किया। निगम द्वारा यहां बिटुमिन कंक्रीट की सडक का निर्माण किया गया है। इस सडक में एक जगह पर कॉमपैक्शन वर्क यानि



संघनन कार्य में खामी मिली, जिसे उचित तरीके से करवाने के लिए मौके पर मौजूद कार्यकारी अभियंता व कनिष्ठद्द अभियंता को उन्होंने निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने इसके पश्चात वार्ड नम्बर 6 के सैक्टर-14 पार्ट 2 में किए जा रहे गलियों

**गुणवत्ता**

**8 गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और रोजाना साईट विजिट करते रहें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे**

के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर डाले गए मैटिरियल की थिकनेस चैक की। मौटाई सही पाए जाने पर उन्होंने कार्य को ओके कहा। निगमायुक्त ने इंजीनियरों को निर्देश दिए कि शहर में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं, सभी प्रगति पर रहें, कोई भी कार्य रूकना नहीं चाहिए। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और रोजाना साईट विजिट करते रहें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और निर्धारित समयावधि में कार्य पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि कोई एजेंसी ठीक से काम न करे, तो उसे नोटिस जारी कर काम को उचित तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने कहा कि वार्ड में जब कोई कार्य शुरू होता है, तो वह जल्द पूरा हो जनता इसकी उम्मीद करती है।
सैक्टर की मार्किट के पार्किंग क्षेत्र का सुद्दढ़ीकरण कार्य प्रगति पर- निगमायुक्त ने बताया कि वार्ड 9 के सैक्टर-7, 8 व 9 की मार्किट के पार्किंग क्षेत्र का सुद्दढ़ीकरण कार्य पूरा किया जा चुका है। इन पर अनुमानित 51 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। इसके अतिरिक्त वार्ड 8 के सैक्टर-6 व 14 के मार्किट स्पेस का भी सुद्दढ़ीकरण कार्य चालू सप्ताह में मुकम्मल कर लिया जाएगा। इस पर 31 लाख रुपये की अनुमानित राशि खर्च की जाएगी। निगमायुक्त के दौरे में कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा तथा कनिष्ठद्द अभियंता रवि कुमार व गौरव हुड्डा मौजूद रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए बैठक आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। बिजली उपभोक्ताओं** की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल, राजीव गांधी विद्युत सदन सैक्टर 12 करनाल के कान्फ्रैंस हाल में 26 सितम्बर को प्रात: 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिजली संबन्धी वे समस्याएं, जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरान्त भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी सभी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अधीक्षक अभियंता कशिक मान ने बताया कि बैठक में ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस न्यायालय में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे तथा बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएगी। सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय पर कार्यालय अधीक्षक अभियन्ता, परिचालन परिमण्डल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, राजीव गांधी विद्युत सदन, सैक्टर 12 करनाल के कान्फ्रैंस हाल में पहुंचकर अपनी बिजली सम्बन्धी समस्याओं एवं शिकायतों का शीघ्र निपटारा करवाएं।

## बच्चों को दी पोक्सो एक्ट तथा बाल तस्करी कानून की जानकारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** बाल संरक्षण कार्यालय के सौजन्य से जागरुकता अभियान के तहत राजकीय उच्च स्कूल फूसगढ़ में पोक्सो एक्ट 2012 तथा बाल तस्करी कानून की जानकारी दी गई।
जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत यह यूनिट 0 से 18 वर्ष तक जरुरतमंद व बेसहारा बच्चों के हित तथा सुरक्षा के लिए काम करती है तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर इत्यादि स्कीमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों से आह्वाहन किया कि वे अपनी चुप्पी को तोडें और अपने अधिकारों के



प्रति जागरुक बनें। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को दुराचार, अत्याचार व यौन शोषण का शिकार होने तथा बचने के लिए पोक्सो एक्ट 2012 की जानकारी दी तथा बताया कि इस एक्ट का मुख्य उद्देश्य 0.18 वर्ष तक के बच्चों शारीरिक शोषण व यौन शोषण से कैसे बचा जाए और यौन शोषण के खिलाफ सजा के प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई।
उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ यदि किसी भी प्रकार का शोषण किया जा रहा हो तो वह चाईल्ड हैल्प लाईन नंबर 1098, 112 तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। शिविर के दौरान एएसआई नमना अहलावत क्राइम ब्रांच मधुबन ने बच्चों को बाल तस्करी से संबंधित अपराध के रोकथाम के विषय में जागरूक किया गया तथा इसके साथ-साथ बाल श्रम भिक्षावृत्ति के विषय में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल दीपक मलिक तथा अन्य अध्यापक सपना, सुदेश, शशि तथा ईश्वर भी उपस्थित रहे।

## 1 अक्टूबर को जींद में आयोजित होगा भव्य समारोह: उमा गोयल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**अखिल भारतीय** वैश्य महासम्मेलन महिला विंग की तरफ से एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष आशा गोयल द्वारा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष उमा गोयल मौजूद रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य करनाल जिले के हर ब्लाक में वैश्य समाज की महिलाओं को आगे लाना रहा।
बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमा गोयल ने



बताया कि अग्रवाल समाज पूरे प्रदेश में एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए जींद के अर्जुन स्टेडियम में 1 अक्टूबर को एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा भविष्य के लिए एकजुट होना जरूरी है।

## 'कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए किया जाएगा ऑनलाइन पंजीकरण'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के प्रोत्साहन हेतु कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत पर अनुदान देने के लिए विभागीय पोर्टल पर 22 अगस्त तक आवेदन स्वीकार किये गए थे। उप कृषि निदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया कि मुख्यालय द्वारा जिला करनाल में कुल 2049 कृषि यंत्रों का लक्ष्य दिया गया था। योजना के दिशा-निर्देशानुसार अनुसूचित जाति के सभी आवेदन कर्ता किसानों के 98 आवेदनों को स्वीकार कर लिया गया है।

## नीचे रखा ट्रांसफार्मर बना हादसे का कारण, गौ वंश की करंट लगने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**वार्ड 15** पुरानी अनाज मंडी के पीछे सरकारी स्कूल के सामने जनस्वास्थय विभाग के टयूबवैल परिसर में नीचे रखा ट्रांसफर्मार हादसे का कारण बन गया। ट्रांसफार्मर के पास नंगी तार से करंट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन ने बताया कि करंट लगने की सूचना के बाद उन्होंने विधायक से उक्त ट्रांसफार्मर को बिजली के पोल पर ऊंचा उठवाने की मांग की हे। जिस पर विधायक ने बिजली विभाग को उक्त ट्रांसफार्मर को ऊंचा उठाने के आदेश दिए है। ज्ञात रहे कि शहर में कई जगह पर नीचे रखे ट्रांसफार्मर के साथ लगी बिजली की नंगी तारें हर समय हादसों को न्यौता दे रही है। सोमवार को ट्रांसफार्मर से गुजर रही गाय अचानक ट्रांसफार्मर की तारों की चपेट में आ गई और करंट लगने से गाय की मौके पर ही मौत हो गई। वार्ड के लोगों ने बिजली निगम के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए कहा कि गाय के अलावा नीचे रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में कोई इंसान या बच्चा भी आ सकता है। ट्रांसफार्मर को ऊंचाई पर रखने के लिए या सेफ्टी बनाने के लिए कई बार विभाग के



कर्मचारियों को अवगत करवा चुके है। रोष स्वरूप कहा कि बिजली विभाग बिल ना भरने या बिजली चोरी के लिए तो लगातार रेड मारता रहता है, लेकिन किसी कि भी जानमाल की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कोई हादसा होता है तो उसकी पुरी जिम्मेवारी बिजली निगम की होगी।

**विभाग अपने खर्च पर ऊंचा उठवा देगा ट्रांसफार्मर को : दहिया**

**बिजली** विभाग के शहरी एसडीओ सचिन दहिया ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि सभी ट्रांसफर्मार बिजली के पोल पर रखे जाए।
विधायक द्वारा उन्हें आदेश दिए है सभी ट्रांसफार्मरों को ऊंचा पोल पर रखवाया जाए। विभाग एस्टीमेंट बनाकर उन्हें उसी जगह पर पोल पर रखवा देगा।

## पन्ना प्रमुख: भाजपा कार्यकर्ताओं में हुआ नई ऊर्जा का संचार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**घरौंडा विधानसभा** के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद भाजपा कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश प्रभारी विप्लेब कुमार देव व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने जो आगामी चुनाव के मुलमंत्र दिए व विधायक कल्याण को पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता के रुप में उनकी तारीफ के रूप में आशीर्वाद देना कहीं न कहीं विधायक हरविंदर कल्याण को भी मजबूती प्रदान कर गया है। सफल कार्यक्रम के बाद सोमवार को भारी संख्या में भाजपा



कार्यकर्ता कल्याण फार्म हाउस पर पहुंचे और विधायक कल्याण को बधाई दी। वहीं विधायक ने भी सभी कार्यकताओं का कड़ी मेहनत कर कार्यक्रम को सफल करने में अपनी भूमिका अदा करने पर उनका आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि रविवार को गांव बसताड़ा में विधायक हरविंदर कल्याण के नेतृत्व में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मलेन का आयोजन किया गया था, जिसमें राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश प्रभारी विप्लेब कुमार देव, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व सांसद संजय भाटिया सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने शिरकत की थी। सम्मलेन में जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का खुलकर गुणगान हुआ और उनकी नीतियों व पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। वहीं प्रदेश की मनोहर सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सहराना करते हुए विधायक हरविंदर कल्याण को भी मेहनती विधायक बताते हुए उनकी पीठ थपथपाई गई, जिसके बाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की मजबूती और बढने के कयास लगाए जा रहे है।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गौरव कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत मनरेगा, ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीईओ ने कर्मचारियों को आगामी 1 अक्तूबर को श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में स्थानीय सांसद, विधायक, जिला पार्षद, सेलिब्रिटी, स्पोर्ट्स पर्सन, जन प्रतिनिधि को शामिल किया जाए तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पोर्टल के माध्यम से इवेंट को शुरू किया जाना है तथा समापन भी करना है।

## 'पोर्टल के नाम पर जनता को किया जा रहा परेशान'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने सूरज नगर में कार्यकताओं व नौजवान साथियों के साथ मीटिंग की, जिसमें कांग्रेस को मजबूत करने के विचार-विमर्श किया। मीटिंग में भौतिक समस्या गंदगी, जल भराव व सामाजिक और मुख्य रूप से महंगाई की ओर ध्यान केंद्रित किया गया। 9 साल में करनाल समस्याओं का अंबार लग गया है, जनता इससे निजात पाना चाहती है।
बैठक को संबोधित करते हुए सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश की भोली-भाली जनता को ऑनलाइन पोर्टल की लाइन में लगा दिया गया है, वहीं किसानों से फसलों का विवरण व



खाद के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने को कहा जा रहा है। ऐसी नीतियां बना दी गई हैं, जिससे जनता का जीना मुश्किल हो रहा है। यही नहीं लोगों के बीपीएल राशन कार्ड काटकर प्रदेश में लगभग 10 लाख लोगों के राशन कार्ड खत्म कर दिए गए है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां शुरू से ही युवाओं के विरुद्ध हैं। प्रदेश सरकार बेरोजगारी पर नियंत्रण लगाने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है। प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। जनता कांग्रेस के शासनकाल को याद कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में हर वर्ग दुखी है और किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, युवा सहित हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर सडकों पर उतरा हुआ है। विकास व रोजगार के नाम पर प्रतिदिन झूठी घोषणाएं कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। सरकार के प्रति हर वर्ग में आक्रोश है। शिक्षित युवा वर्ग नौकरी पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और सरकार रोजगार मुहैया करवाने की बजाय रोजगार छीनने का काम कर रही है। सुमिता सिंह ने कहा कि रोजगार कौशल के नाम पर युवाओं के हितों से खिलवाड़ हो रहा है तो पोर्टल व परिवार पहचान पत्र के नाम पर जनता को दुखी करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। गरीब आदमी दफ्तरों में हाथ में परिवार पहचान पत्र लेकर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

# मेयर मदान ने वार्ड नं 11 में भीम नगर का किया दौरा

## नगर निगम के सहायक अभियंता देवेंद्र खासा सहित सभी संबंधित निगम कर्मचारी मौके पर रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान सोमवार को शहर के सारंग रोड पर स्तिथ भीम नगर में पहुंचे जहां उन्होंने आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। स्थानीय लोगों ने मेयर निखिल मदान को बताया कि भीम नगर की माता मंदिर वाली मुख्य गली में अंतिम छोर पर स्थित कई मकानों में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है जिसके कारण लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।
इसके साथ-साथ पेयजल पाइप लाइन भी जर्जर हालत में है जिसके कारण कई बार सीवरेज का पानी भी पेयजल में मिल कर आ रहा है।
मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही समस्या के निवारण के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। निगम अधिकारियों ने मौके पर ही पेयजल लाइन की जांच के लिए खुदाई शुरू करवाई। साथ ही सहायक अभियंता देवेंद्र खासा ने बताया कि समस्या के समाधान हेतु गली में नई पेयजल लाइन डाल दी जाएगी और हर घर तक पानी पहुंचाया जाएगा।



**समस्या**

8 पेयजल पाइप लाइन भी जर्जर हालत में है जिसके कारण कई बार सीवरेज का पानी भी पेयजल में मिल कर आ रहा है

वहीं स्थानीय निवासियों ने भीम नगर के साथ लगते रेलवे पार्क के सामने खाली पड़ी पार्किंग की जगह पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग रखी। जिस पर मेयर निखिल मदान ने बताया कि अगले माह नगर निगम द्वारा सभी सार्वजनिक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी और चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को दूर किया जायेगा।
साथ ही मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही निगम अधिकारियों को भीम नगर में आवश्यकता अनुसार स्ट्रीट लाइट लगाने के आदेश दिए।
साथ ही मेयर निखिल मदान ने क्षेत्र के संबंधित सफाई निरीक्षक को भीम नगर में नियमित तौर पर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के दिशा निर्देश भी दिए।
इस अवसर पर अशोक गर्ग,अजय भाटिया,हंसराज प्रधान,मुकेश वर्मा,संदीप,बाबूलाल,सौरभ बडसीवाल,विपिन,संदीप,अजय कुमार ,दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### किसान का मोबाईल छीन लोहे की राड से की मारपीट, मामला दर्ज

**गन्नौर। गांव** माजरी में खेत से मिट्टी का उठान कर रहे डम्फर चालक को मिट्टी पर तरपाल लगाने के लिए कहना महंगा पड़ा। डम्फर के चालक ने जेसीबी व अन्य साथियों को बुलाकर लोहे की राड से हमलाकर घायल कर दिया। किसान ने डम्फर चालक व उसके साथियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में माजरी गांव के किसान मानवीर ने बताया कि उसने आधे एकड़ में घिया की बेल लगा रखी है। 23 सितंबर को खेत में घिया की रखवाली के लिए गया हुआ था। वहां ठेकेदार के डम्फर चालक मिट्टी डालने के बाद बिना तिरपाल लगाए हुए मिट्टी का उठान कर रहे थे। शिकायत में बताया कि घिया की बेल को मिट्टी उड़ने के कारण नुकसान न हो। नुकसान को रोकने के लिए उसने मिट्टी उठवा रहे पास के खेत के किसान कृष्ण व साहिल ठेकेदार के भाई कृष्ण, राजेन्द्र जय भगवान मिलकर कहा तो उन्होंने कहा कि तुम्हारी फसल को नुकसान नही होने देंगे और अपने मिट्टी के डम्फरों पर पानी के छिड़काव के साथ तिरपाल लगवा देंगे। किसान ने शिकायत में बताया कि 23 सितंबर को डम्फर के चालक को बोला तो उसने डम्फर को चढ़ाने का प्रयास किया। आरोप है कि उसके बाद डम्फर चालक व जेसीबी मशीन वाले और ट्रैक्टर चालक सहित 10 लोगों ने मिलकर लोहे की राड से हमला कर दिया। उसके बाद डायल 112 पर काल करने का प्रयास किया तो जेसीबी मशीन के ओपरेटर ने मोबाइल छीन लिया। उसके बाद शोर मचाने पर मशीन चालक मेरा मोबाइल छीनने के साथ धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### धान की फसल काटने आए कम्बाईन मालिक की मोटरसाइकिल चोरी

**गन्नौर। शाहपुर** तगा गांव में धान की फसल काटने आए कम्बाईन मालिक की खेत में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत कम्बाईन के मालिक चरखी दादरी निवासी विजय ने बड़ी थाना पुलिस को दी। शिकायत में विजय ने बताया कि वह शाहपुर तगा गांव में धान काटने के लिए कम्बाईन लेकर आया हुआ है। गत 22 सितंबर की रात को उसने अपनी मोटरसाइकिल को मोनू के खेत में खड़ा किया था लेकिन सुबह जब उसने वापिस आकर देखा तो मोटरसाइकिल नही मिली। विजय ने बताया कि उसने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कहीं नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### हरियाणा सरकार राज्य भर में कर्मचारियों को प्रदान करेंगी चार कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएंः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में कैशलेस सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है, जो पहले से ही सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पहल के माध्यम से राज्य भर में प्रदान की जा रही हैं। इन सेवाओं में सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस और कैथ लैब सुविधाएं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल है।विधायक सुभाष सुधा ने सोमवार को सर्किट हाउस में बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सिविल सर्जन और प्रधान चिकित्सा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित सेवा प्रदाता राज्य भर में कैशलेस तरीके से राज्य सरकार के कर्मचारियों को इन महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करें। सरकार का यह निर्णय राज्य के सरकारी कर्मचारियों को पर्याप्त लाभ प्रदान करेगा, इन चिकित्सा प्रक्रियाओं से जुड़े वित्तीय बोझ को समाप्त करेगा और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच को बढ़ावा देगा।
इन सेवाओं को कैशलेस बनाकर हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता दी है और राज्य भर में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और पहुंच में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

# बुलैट से पटाखा बजाया तो पड़ेगा भारी जुर्माना : एस एस भोरिया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला पुलिस** कुरुक्षेत्र ने बुलैट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वालों पर शिकन्जा कसना शुरू कर दिया है । पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बुलैट मोटरसाईकिल पर पटाखे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तथा आमजन को परेशान करने वाले बुलैट मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ कारवाई करने बारे सभी प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिन मोटरसाईकिल चालकों के पास कागजात पूरे न हो तो उनकी मोटरसाईकिल को ईम्पाउण्ड किया जाये । निर्देशों के माध्यम से दुकानदारों को भी मोटरसाइकिल के साईलैन्सर बदली न करने बारे भी हिदायत दी गई । पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी बुलैट मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल पर पटाखे न बजाए क्योंकि इससे ध्वनि प्रदूषण तो होता है साथ में पटाखे की तेज आवाज होने से भय के कारण बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई भी बुलैट मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल पर पटाखे बजाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी ।
पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों विशेषकर बुलैट मोटरसाईकिल की रिपेयर करने वाले दुकानदारों को बुलैट मोटरसाईकिल का साइलेंसर बदली करेगा तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।।

# दीपक सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में हुए सम्मानित

## दीपक कुमार यादव सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में हुए सम्मानित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (बीएड) के छात्र दीपक कुमार यादव को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में सम्मानित किया गया जिसमें पूरे संस्थान में खुशी की लहर छाई हुई है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दीपक कुमार तथा संस्थान के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या प्रो. अमिषा सिंह व स्टाफ सदस्यों ने दीपक को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**शिविर**

8 25 रक्तदान शिविर का आयोजन, लगभग 130 पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर तथा रैलियों में भाग लिया

प्रो. अमिषा सिंह ने बताया कि दीपक यादव ने रक्तदान, डिजिटल साक्षरता और कौशल भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, पोस्को अधिनियम, प्लास्टिक मुक्त भारत, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के निवारण में सक्रिय योगदान दिया है। उन्होंने 750 पौधे लगाए हैं, 6 बार रक्तदान, 25 रक्तदान शिविर का आयोजन, लगभग 130 पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर तथा रैलियों में भाग लिया है।

# राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर एमआर लाम्बा को मिला अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में दिनांक 24 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय एनएसएस पारितोषिक वितरण समारोह में राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्राचार्य मेजर एमआर लाम्बा को राज्य स्तरीय अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण थे जबकि उच्चतर शिक्षा विभाग की अतिरिक्त निदेशक मीनाक्षी राज विशिष्ट अतिथि थी। सोमवार को प्राचार्य मेजर एमआर लाम्बा के महाविद्यालय पहुँचने पर स्टाफ सदस्यों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया तथा इस अवार्ड के लिए बधाईयां दी गई। उन्हें यह अवार्ड महेन्द्रगढ़ जिले में बतौर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी क्रिड सत्यापन का बेहतरीन कार्य करने हेतु प्रदान किया गया है जो सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। यह कार्य मेजर एमआर लाम्बा के निर्देशन में महेन्द्रगढ़ जिले में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारियों के सहयोग से पूर्ण किया गया। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए महेन्द्रगढ़ जिले में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारियों का धन्यवाद किया।



# लोक गीत में विद्यार्थी पंकज ने प्रदेश में पाया तीसरा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़ । इंदिरा** गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर शहीद राव तुलाराम की स्मृति में प्रदेश स्तरीय लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र पंकज ने लोकगीत प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। सोमवार को महाविद्यालय में पहुंचने पर छात्र पंकज का महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राज्य स्तरीय लोकगीत प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र पंकज ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर एमआर लाम्बा ने विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं उनके अभिभावकों एवं प्राध्यापकों को बधाई दी।



# पंडित दीन दयाल उपाध्याय एक युग दृष्टा : डा. अर्चना गुप्ता

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पंडित** दीन दयाल उपाध्याय ने विश्व के सामने मानवता पाठ आर्थिकी से जोड़ कर पेश किया। आर्थिक विकास के साथ व्यक्ति तथा समाज के विकास तथा भावनाओं का ध्यान रखा गया। इसलिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय एक युग दृष्टा थे । ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने अपने हुडा स्तिथ कार्यालय पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती मनाने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किए गए।

# स्वर्गीय ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**पूर्व उप-प्रधानमंत्री** जननायक चौ. देवीलाल की 110 वीं जयंती के मौके पर जननायक जनता पार्टी (जजपा) हल्का अध्यक्ष अनिल त्यागी के नेतृत्व में सभी जजपा कार्यकताओं ने रेलवे रोड पर देवीलाल चौक पर स्थापित जननायक देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा की। युग पुरूष की जयंती के मौके पर हवन यज्ञ किया गया, जिसमें जजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने आहुति डालते हुए जननायक की जय-जयकार के नारे लगाये। हल्काध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने जनता की भलाई के लिए अपने समय में मुख्यमंत्री रहते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं व नीतियां लागू की थी।



# रेडक्रॉस समिति की ओर से टीबी जागरूकता अभियान व स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल । उपायुक्त** एवं जिला रेडक्रॉस समिति की प्रधान मोनिका गुप्ता (आईएएस) के दिशा निदेशानुसार आज कुलताजपुर के पास स्लम एरिया में टीबी जागरूकता अभियान व स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर स्वीकृत की।कैम्प में 103 लोगों की टीबी की जांच की गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से टीबी पर अच्छा कार्य किया जा रहा है जो निरन्तर जारी रहना चाहिए। समय-समय पर स्लम एरिया मे इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच कैम्पों का आयोजन किया जाना चाहिए। इस मौके पर डा. एसपी सिंह ने बताया कि जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव महेश गुप्ता के निदेशानुसार इस कैम्प में हाईजैनिक कीट का भी वितरण करवाया गया। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को महेन्द्रगढ़ रोड स्थित स्लम एरिया मे एक मेघा कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर टीबी अस्पताल से टीबीएचवी दीपक प्रकाश, एसटीएलएस मनोज कुमार, डीपीपीएम मनोज कुमार ने टीबी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैंप में आयुष विभाग व जयपुर हार्ट अस्पताल की ओर से लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा निशुल्क दवाईयां वितरित की।



# प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पंडित दीनदयाल** उपाध्याय की जयंती समारोह में हरियाणा प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के बारे में प्रकाश डाला।
अंते उदय का सपना दीनदयाल जी का सपना है जिसे भारतीय जनता पार्टी ने अब पूरा किया है अंतिम पद्धति में खड़े व्यक्ति तक कर के सभी योजनाओं को पहुंचाना यही अंतिम उदय का सपना है। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ,सुनील यादव मूसेपुर, अरविंद यादव, सतीश खोल , राम पाल यादव हुकुमचंद रत्नेश बंसल, बाबूलाल , बलजीत यादव, रामदत्त भारद्वाज, दिलीप गुप्ता, प्रेम नाथ सिंह, राम अहलावत , वंदना ,पोपली , दिलीप शास्त्री, दीपा भारद्वाज , जयमाला, नीतू चौधरी, कविता गुप्ता ,नीरू भारद्वाज, जिला महामंत्री ईश्वर तनेजा और अशोक मुदगल , पुष्पा मुदगिल , अजय पाटोदा, अजय कांतिलाल, चित्र कुमार सभरवाल , डॉक्टर अशोक कुमार यादव ,डीएम साहब, रविंद्र खंडेलवाल, सुमन चौहान, कृपा जैमिनी रेवाड़ी मंडल से, प्रेम कुमार, यशवंत चौहान, महेश कुमार स्वामी और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी हिदायतों के अनुसार गैस इत्यादि का कनेक्शन अपने औद्योगिक संस्थानों में लगवा लें

# 30 सितम्बर के बाद जनरेटर चलाने पर प्रतिबंध लगा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न औद्योगिक संगठनों से बातचीत करते हुए उनसे अपील की कि वे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी हिदायतों के अनुसार गैस इत्यादि का कनैक्शन अपने औद्योगिक संस्थानों में लगवा लें, क्योंकि 30 सितम्बर के बाद जनरेटर चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से डयूल-फयूल किट और आरसी ईडी किट स्वीकृत है। इसे भी अपनी औद्योगिक संस्थान में लगवाया जा सकता है। फॉर प्लस का जनरेटर भी इसके लिए अधिकृत रहेगा। बैठक में उपस्थित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया का विगत में हुई बैठक में औद्योगिक संगठनों की बात को प्रमुखता के साथ रखने के लिए धन्यवाद भी किया।

**चर्चा**

8 केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से डयूल-फयूल किट और आरसी ईडी किट स्वीकृत है



उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि पानीपत के सभी औद्योगिक संगठनों ने पानीपत शहर के विकास के लिए सदा योगदान दिया है। इसलिए सभी ओद्योगिक संगठन शहर के विकास के लिए भविष्य में भी अच्छी योजनाएं बनाकर लाएं और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर इन्हें सिरे भी चढ़ाएं।
हरियाणा एनवायरमेंट मैनेजमेंट सोसायटी के प्रधान भीम राणा ने भी सभी से अपील की कि सभी औद्योगिक संगठन अपने संस्थानों में सीएनजी, पीएनजी, या अन्य अधिकृत किट लगवाने के लिए अभी से ही सम्बंधित कम्पनियों में को आर्डर कर दें क्योंकि अभी समय कम है और समय रहते उक्त किट या जैनसैट उपलब्ध हो सकेंगे। क्योंकि 30 सितम्बर के बाद जैनरेटर लगाने पर पाबन्दी लगाई गई है।
इस मौके पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, पानीपत डायर एसोसिएशन के प्रधान नितिन अरोड़ा, चैम्बर ऑफ कामर्स के सचिव राजीव गुप्ता, सरदार प्रीतम, एचएस धामु इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# मैत्री गणपति महोत्सव परिवार द्वारा आयोजित हुआ सुंदरकांड पाठ











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मैत्री एजुकेशन एवं** वेलफैयर सोसाइटी (पंजी) व मैत्री गणपति महोत्सव परिवार (पंजी) की ओर से रानी बाग स्थित रामलीला मैदान, महेंद्रा पार्क में चल रहें गणपति उत्सव के दौरान सुंदरकांड पाठ का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से करवाया गया। सुंदरकांड कथा वाचक अजय याज्ञनिक (श्री सुंदरकांड परिषद) के श्री मुख से सुंदरकांड पाठ सुनने के लिए सैंकड़ो श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

मैत्री गणपति महोत्सव परिवार के प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि इस महिला मंडल द्वारा कीर्तन और भजन किया गया था। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कोहाट वार्ड-61 से निगम पार्षद रवि अजय हंस की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव, महासचिव दीपक मेहरा, उपाध्यक्ष बलराम चावला के अलावा मोनू भाटिया, नवीन जिंदल, मोहन स्वामी, प्रवीण सियाल,अजय





मल्होत्रा, प्रमोद गर्ग, अमर अग्रवाल, पीयूष रोहिला, जीतू गर्ग, विकास भाटिया, शिव मोहन मिश्रा, वासुदेव मित्तल, राजेन्द्र मंगला, जुगल सूद, सुनील खन्ना, अरुण छाबड़ा, अनिल कुमार सहित संस्था के अन्य गणमान्य मौजूद रहें। इस मौके पर संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव ने कहा कि हमारी संस्था कि यही कोशिश होती हैं कि हर वर्ष इस कार्यक्रम को पहले से और ज्यादा बेहतर कैसे आयोजित करें, जिसके लिए हमारी संस्था का प्रत्येक सदस्य पूरी निष्ठा व लग्न के साथ दिन रात एक करके कड़ी मेहनत करता हैं।



महेन्द्रा पार्क व संजय नगर में निकाली गई विशाल कलश यात्रा के दौरान आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा साथ में है मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी, अमित मित्तल व अन्य।

## प्रेस क्लब आफ इंडिया के चुनाव सम्पन्न, दयानंद वत्स ने दी बधाई




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क के संस्थापक प्रधान संपादक वरिष्ठ पत्रकार दयानंद वत्स ने प्रेस क्लब आफ इंडिया चुनावों में गौतम लाहिरी, मनोरंजन भारती, नीरज ठाकुर, महताब आलम, मोहित दूबे पैनल की शानदार जीत पर पूरे पैनल को जीत की बधाई दी है। वत्स ने कहा कि गौतम लाहिरी अध्यक्ष, मनोरंजन भारती उपाध्यक्ष, नीरज ठाकुर सचिव, महताब आलम संयुक्त सचिव और मोहित दूबे कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अतिरिक्त 16 सदस्य मैनेजिंग कमेटी के लिए चुने गये। वत्स ने कहा कि लाहिरी पैनल की अभूतपूर्व विजय से नया पैनल प्रेस क्लब को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा।

## मानव सेवा ही प्रभु की सेवा है: दीपक मेहरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रानी बाग** में रहने वाले समाजसेवी दीपक मेहरा पिछले काफी सालों से समाज सेवा में जुड़े हुए हैं व अपने क्षेत्र में गणपति महोत्सव के साथ-साथ दुर्गा पूजा, होली मिलन सहित ऐसे तरह-तरह के आयोजन करवाते रहते हैं।

वहीं मैत्री गणपति परिवार महोत्सव के महासचिव दीपक मेहरा का मानना हैं कि हर नागरिक को समाज कल्याण के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। मानव सेवा ही प्रभु की सेवा है। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। किसी की सेवा का अवसर ईश्वर की कृपा से ही मिलता है। उन्होंने यह भी कहा



कि हर मनुष्य को चाहिये कि वह किसी भी तरह से मानव और समाज की सेवा करें। जिनमें दया, करूणा नहीं ऐसे मनुष्य का जीवन व्यर्थ है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति कहीं न कहीं अपने को बहुत ही अधिक व्यस्त और मानसिक रूप से तनावग्रस्त समझता है, लेकिन यह बहुत आवश्यक है कि व्यस्ततम समय में हमें मानव समाज के लिए कुछ न कुछ अवश्य समय निकालकर करना चाहिए,क्योंकि समाज सेवा करने के लिए ईश्वर किसी को पुनः नई जिंदगी नहीं देगा।

**मेहरा ने कहा...**

**8 दीपक मेहरा का मानना हैं कि हर नागरिक को समाज के कल्याण के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए।**

# सेवा पखवाड़े के तहत विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के आजादपुर** वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके संजय एन्कलेव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया। इसी के तहत संजय एन्कलेव में जहां एक और लोगों ने मन की बात सुनीं, वही दूसरी और विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया और शिविर समापन के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा ने की। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष हरि साहनी, जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर विरेन्द्र गोयल के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जानकारी देते हुए निगम पार्षद सुमन शर्मा ने बताया कि शिविर में आये हुए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और इस दौरान बीपी, शुगर, दांतों की जांच, आंखों की जांच सहित कई



प्रकार के रोगों की जांच की गई। साथ ही दवाईयां भी निःशुल्क दी गई। पार्षद सुमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लगभग 1002 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर के बाद बहुताय की संख्या में लोगों को भोजन करवाया गया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल के अलावा शिविर आयोजक डॉ नृपेंद्र कुमार पूर्वांचल मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष, कार्यक्रम आयोजक मण्डल उपाध्यक्ष दलवीर पुनिया एवं मण्डल अध्यक्ष नितिन गोयल, जिला मंत्री मोहित त्यागी, मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडा के तहत भाजपा ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा फरीदाबाद के ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती को उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर अपनी भावांजलि अर्पित की । केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, अनुशासन



समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,भाजपा सोहनपाल सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने फरीदाबाद के अलग अलग मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन दर्शन और उनके विचारों को कार्यकताओं के सामने रखा । भाजपा जिला फरीदाबाद के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने फरीदाबाद के 1069 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये । जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और उनके जीवन दर्शन को कार्यकताओं के सामने रखते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था । उन्होंने प्रशासनिक परीक्षा दी, उत्तीर्ण भी हुये किन्तु अंग्रेज सरकार की नौकरी नहीं की । 1937 में छात्र जीवन के दौरान पंडित जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आये और संघ के जीवनव्रती प्रचारक बन गये । श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ की स्थापना की । पण्डित दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक थे । उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानव दर्शन और अन्त्योदय जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी । एक लेखक के रूप में अखंड भारत क्यों हैं, राष्ट्र जीवन की समस्याएं, राष्ट्र चिंतन और राष्ट्र जीवन की दिशा आदि साहित्यिक कृतियां लिखी । समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया । देश के प्रधानमंत्री मोदी उनकी विचारधारा पर चल देश के गरीबों, पिछड़ों, शोषितों, मजदूर और किसान के हित में लगातार कार्यरत हैं और देश के हर व्यक्ति को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं । गोपाल शर्मा ने कहा कि बचपन से ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नरेंद्र मोदी जी के वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं । नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश भर में उनके नाम से अनेकों ऐसी योजनाएं चलाई, जो अन्त्योदय के उनके सपने को सार्थक करते हुए सभी वर्गों का जीवन बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# सरकार पंडित दीनदयाल के मार्गदर्शन में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ देने कर रही है प्रयासः मूलचंद

**टीम एक्शन इंडिया/ बल्लभगढ़,फरीदाबाद, 25 सितम्बर (हरपाल सिंह यादव )।** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर अपने कार्यालय सेक्टर-8 पर सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के मार्गदर्शन में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं देश-प्रदेश में देने का काम कर रही है ।

परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आज सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय



जी की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका सपना तब पूरा होगा जब अंतिम पंक्ति तक खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल पाएगा और भाजपा सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला थाना एनआईटी ने महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के द्वारा आपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी माया की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी मुमीन उर्फ मोबीन(42) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी मुमीन उर्फ मोबीन उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव भट्टापार सोल का रहने वाला है। आरोपी हाल में फरीदाबाद के मुजेसर फाटक के पास इंदिरा नगर में रह रहा है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता की शिकायत पर 3 सितंबर 2023 को महिला थाना एनआईटी में दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी कारपेंटर का काम करता है जो करीब 10 महीने पहले पीड़िता के घर दरवाजा ठीक करने के लिए आया था। जिसने मौका देखकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था और वारदात के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की वारदात को बार-बार अंजाम दिया था। पीड़िता से आरोपी ने पैसे भी ले रखे थे। पीड़िता के द्वारा अब पैसे मांगने पर आरोपी ने पीड़िता के बच्चों को किडनैप कर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को महिला थाना एनआईटी की पुलिस टीम ने फरीदाबाद के सेक्टर 28 एरिया से अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले 20 वर्ष से कारपेंटर का काम करता है। आरोपी घर-घर जाकर कारपेंटर का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### ब्लॉक डी-2, सैक्टर-10 फरीदाबाद की मासिक बैठक में बन्द पडे सामूदायिक केन्द्र के निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** ब्लॉक डी-2, सैक्टर-10, फरीदाबाद की बैठक समाज सेवी वीरेन्द्र शर्मा के निवास पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक के संरक्षक पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला ने की। बैठक में ब्लॉक से जुड़े सभी सदस्यों ने भाग लिया। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने बैठक में बोलते हुए कहा कि विदेशी तर्ज पर घरों के सामने 80-80 लीटर के दो डस्टबीन रखवाये जायेगें, जिसमें सूखा कूडा एक साईड व गीला कूडा एक साईड होगा, उन्होनें ब्लॉक में कैमरे लगवाने की भी बात रखी, इन कैमरों को स्मार्ट सिटी के कमान सैंटर से जोडने का भरसक प्रयास किया जायेगा और यह भी कहा कि स्थानीय विधायक के सहयोग से पांच साल से रूका हुआ सामूदायिक केन्द्र का काम शुरू हो गया है, यह कदम आरडब्लयूए की कार्यकारिणी का सराहनीय हैं, इसे शुरू कराने में खुद व पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ के भरसक प्रयास यह सामूदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य शुरू हुआ है और अब उम्मीद है कि यह सामूदायिक भवन बनकर ब्लॉक डी-2 के निवासियों सुर्पुदग कर कर दिया जायेगा ।वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि ब्लॉक डी-2 के सौन्दर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रधान ने कहा कि ब्लॉक डी-2 में मैन चार गेट हैं जिन पर आरडब्लयूए द्वारा स्वागत गेट बनाये जायेगें जो जल्द ही लगा दिये जायेगें। ब्लॉक डी-2 के महासचिव, इंजीनियर अनूप वशिष्ठ ने मंच संचालन करते हुए कहा कि ब्लॉक के सभी पौधों की टर्मिंग हो चुकी है, पौधों पर चार फिट सफेदी कराकर पौधों के सौन्दर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा और कहा कि जो प्लॉट ब्लॉक डी-2 के अन्दर खाली पडे हुए हैं उनके मालिक तीन व चार महिने के अन्दर सफाई पर विशेष ध्यान दे। जिसको बैठक में सर्वसहमति से पास कर दिया गया है। इस मौके पर सुनील जिन्दल, राकेश नागपाल, संजय

## क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है आयुष्मान भारत योजना का लाभ: धर्मवीर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** एन आई टी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर गरीब मजदूर रहते हैं और ऐसे लोगों को कोई सरकारी सुविधा नहीं मिल रही है जबकि कई वर्षों से गरीबों से भी हर तरह का टैक्स लिया जा रहा है । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने परिवार जोड़ो अभियान के तहत जवाहर कॉलोनी खंड बी के हजारों निवासियों से घर घर जाकर मिले । धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि भाजपा सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ एनआईटी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रहा है।

# 50 लाख से बनेंगी गांव भुआपुर की सड़क गलियां: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** विधायक राजेश नागर ने आज गांव भुआपुर में 50 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों एवं गलियों के निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस अवसर पर उन्होंने गांव के बुजुर्गों से नारियल फुड़वाया। बुजुर्ग ग्रामीणों ने विधायक राजेश नागर को आशीर्वाद देकर कहा, राजेश हमारी आंखों का तारा है। इस अवसर पर राजेश नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। हर तरफ विकास कार्य तेज गति पर हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से हम जनता का विश्वास जीतने में कामयाब हो सके हैं। हर कोई सीएम साहब के




हरियाणा एक हरियाणवी एक के सिद्धांत का सम्मान कर रहा है। आज हरियाणा के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान विकास कार्य हो रहे हैं। वहीं हर गांव व शहर में विकास को समान गति से चलाया जा रहा है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि वह अपने तिगांव विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे ले जाने में कामयाब हो रहे हैं तो इसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आशीर्वाद है। वहीं जनता ने मुझे अवसर दिया है, इसके लिए मैं जनता का सदैव ऋणी रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने सभी वर्गों का विश्वास जीतने में कामयाबी हासिल की है। नागर ने कहा कि आज हमें पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम मनोहर लाल के रूप में कुशल नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की विधायिका में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण को लागू करने के लिए कानून बनाया है वहीं उनकी उज्ज्वला योजना ने भी करोड़ों लोगों को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई है। इस अवसर पर गांव भुआपुर के सरपंच कैप्टन गिरधारी, समरवीर बाबू, कैप्टन शरदा राम, दादा धर्मपाल, डॉ कर्मवीर, सतवीर, कल्याण, श्रवण, जुगला, उमेद सरपंच, सतबीर, रामकिशोर, जगदीश, श्रीपाला, कृष्ण नागर, जगत नागर, छतरपाल, राजू पहलवान, रमेश नागर, ऋषिपाल, वेदपाल, धनसिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# तीन पटवारी सस्पेंड, दो पटवारियों को कारण बताओ नोटिसः उपायुक्त विक्रम सिंह

**फरीदाबाद, 25 सितम्बर (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि उन्होंने अजरौंदा स्थित पटवार घर का पिछले सोमवार को निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान फरीदाबाद शहर के पटवारी प्रतीक मंगला व अजरौंदा के पटवारी कृष्ण पाल ड्यूटी से गायब मिले थे। इन पर कार्रवाई करते हुए दोनों पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं अलग-अलग मामलों में शिकायत मिलने पर तीन पटवारियों को सस्पेंड भी किया गया है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि गुच्छी के पटवारी मनोज कुमार



के सहायक को रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पकड़ा गया था। इसके बाद इस मामले में मनोज कुमार को भी सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं प्याला गांव के पटवारी रविंद्र कुमार की समय पर कार्य न करने की शिकायत मिली थी और इसी आधार पर उसे सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के पटवारी आदेश के खिलाफ अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी। इस पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए इस मामले में जांच के आदेश दिए गए थे। जांच के बाद पटवारी आदेश को सस्पेंड कर दिया गया है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी भ्रष्टाचार, समय पर आमजन का कार्य न करना और अनुशासनहीनता जैसे मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

## स्नैचिंग:3 आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबादः** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी श्यामवीर सिंह की टीम ने स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दुष्यंत उर्फ अंकित(21), विक्रम (20)और हंसू(20) का नाम शामिल है। तीनों आरोपी फरीदाबाद के गांव समयपुर के रहने वाले हैं। फरीदाबाद में रहने वाले रंजीत के साथ रास्ते में जाते हुए बाइक पर सवार अनजान 3 व्यक्तियों द्वारा मोबाइल फोन छिन्ने की वारदात को अंजाम दिया था।

# दुकानदारों ने विधायक नीरज शर्मा को समस्या से कराया अवगत



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** एनआईटी विधायक श्री नीरज शर्मा से आज हरियाणा व्यापार मंडल (रजि०) शाखा नंगला रोड जिला फरीदाबाद के दुकानदार एनआईटी विधायक श्री नीरज शर्मा से उनके निवास स्थान पर मिले। दुकानदारों ने नगंला रोड मार्किट में हो रहे जल भराव की समस्या से अवगत करवाया। प्रधान एमपी भडाना ने बताया कि बिना बरसात के कई दिनों से मार्किट में जल भराव हुआ है पडा है जिसके कारण दुकानदारी बिल्कुल ठप्प पडी है। इसलिए आज मार्किट के दुकानदारों ने विधायक नीरज शर्मा को ज्ञापन दिया गया है। एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि इस बाबत नगर निगम आयुक्ता को नालो की सफाई करवाने के निर्देश दिए गए है कि जल्द से जल्द वार्ड-9 में नालों की सफाई कार्य शुरू करवा जांए। विधायक नीरज शर्मा ने नगर निगम आयुक्ता को बताया कि कैसे नगर निगम की कार्य प्रणाली के चलतें एनआईटी विधानसभा में जल भराव की समस्या बनी पडी है चाहे नगंला रोड, संजय इन्कलेव, भडाना चौक, सुभाष चौक, लालू एसटीडी, सरपंच चौक, प्रिंस स्कूल रोड, बाल कल्याणा पाकेट, वैध रोड, कुमाउ मदिंर,सब जगह जल भराव की समस्या से लोग जुझ रहे है। इसके साथ ही विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि नंगला रोड व्यापार मण्डल के दुकानदारों ने आवश्वासन दिया है कि सभी दुकानदार पॉलिथीन मुक्त अभियान में नगर निगम का सहयोग करेगें। इसके साथ ही सभी दुकानदारो ने 60 फुट रोड बनवाने के लिए विधायक का धन्यावाद किया और जो हिस्सा रह गया है उसको बनवाने के निए अनुरोध किया, जिसपर विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि विधायक नगर एंव ग्राम योजना के तहत 61 लाख 7 हजार रू की ग्रांट से राशि दे दी गई है जल्द ही सडक का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर नगंला रोड व्यापार मण्डल के प्रधान श्री एम.पी भडाना, हीरा लाल पंसारी, दिनेश गर्ग, पवन गोयल, संजय, बन्टी कुमार, नरेश, कमल, हरिओम गुप्ता एंव अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।

# यूनिट लेवल किसान पशु मेले का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के पशु विज्ञान केन्द्र, पलवल द्वारा विस्तार शिक्षा निदेशक, लुवास, हिसार के मार्गदर्शन में गांव अरुआ के राजकीय पशु औषधालय, अरुआ, फरीदाबाद मे यूनिट लेवल किसान मेला एक दिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिला के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डॉ विरेन्द्र सहरावत ने बताया कि मेले में लगभग 200 विभिन्न पशुओ जैसे गाय, भैंस,



कुत्ता, भेड़,बकरी, सूकर तथा घोड़ों का अलग-अलग बीमारियो के लिए शल्य चिकित्सा एवं इलाज लुवास हिसार के विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

**मेले में आई मुख्यतः पशुओं की विभिन्न समस्याएंः** उन्होंने आगे बताया कि मेले में आई मुख्यतः पशुओं की विभिन्न समस्याएं बांझपन, परजीवियों की समस्या, गभार्धान की जांच, फूल दिखाने की समस्या, थनैला, सरन आदि का मौके पर ही निदान किया गया। जागरूकता अभियान के तहत पशुपालकों को खनिज मिश्रण के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही पशुपालकों को निशुल्क दवाइयां व खनिज मिश्रण उपलब्ध कराया गया।

पशु मेले में ये रहे मौजूद

पशु मेले में जिला के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डॉ विरेन्द्र सहरावत एवं उपविभागीय अधिकारी डॉ विनोद दहिया, लुवास के वैज्ञानिकों की टीम में डॉ. रेखा दहिया, प्रभारी, पशु विज्ञान केंद्र, पलवल, डॉ. दीपक तिवारी, डॉ. प्रवीण सांगवान, डॉ. जसमेर आदि के साथ-साथ टीम के अन्य सदस्य भी इस मेले में उपस्थित रहें।

# जे जे एक्ट और पॉस्को एक्ट की जानकारी हर बच्चे तक पहुँचे - विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद के कोर्डिनेशन से उपायुक्त विक्रम सिंह भा0प्र0से0 एवं सीजेएम श्री मति सुकीर्ति फरीदाबाद के निर्देशन में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सराय भाकरी फरीदाबाद एवं राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालय भाकरी में लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 700 बच्चों को एक साथ जेजे एक्ट व पॉस्को एक्ट के बारे में गठित टीम द्वारा जानकारी दी गईं। डीएलएसए पेंनल पर कार्यरत एडवोकेट ज्योति एवं पी एल वी धर्मेन्द्र भाटी ने बच्चों को



जेजे एक्ट व पोस्को एक्ट की कानूनी बारिकीयों से अवगत करवाते हुए बताया कि जेजे एक्ट व पोस्को एक्ट किस प्रकार बच्चों की सुरक्षा व अधिकारों को सुरक्षित रखता है विस्तार से जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण यूनिट से अर्चना सिंह ने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डालते हुए, गुड़ टच - बेड टच की जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के बारे में बताया कि यह टोल फ्री नम्बर है और 24*7 दिन रात बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए कार्य करता है बच्चे मुसीबत के समय चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम में एस.एल.खत्री जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बच्चों के सम्मुख अपने विचार रखें और सबसे पहले बच्चों से पूछा कि "बच्चा" किसे कहते हैं। फिर विस्तार से बताया कि जिसकी आयु 0 से 18 वर्ष के बीच है वह "बच्चा" होता है। बच्चे दो प्रकार के होते हैं एक वह जिसके साथ अपराध हुआ है और दूसरा वह जिसने अपराध किया है।

जिसके साथ अपराध हुआ है उसके लिए बाल कल्याण समिति और जिसने अपराध किया उसके लिए किशोर न्याय बोर्ड बच्चों की सुरक्षा व अधिकारो के लिये जे जे एक्ट व पोस्को एक्ट के तहत कार्य करते हैं। जिले के सभी बच्चों को जे एक्ट और पॉस्को एक्ट की जानकारी देकर सुरक्षित करना ही इन कैम्पों का उद्देश्य है। क्योकि बच्चे परिवार के साथ साथ देश की अमूल्य निधि है तथा उदाहरण देकर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागृत करते हुए बताया कि, की किसी अनजान व्यक्ति के किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आये, ऐसी घटनाओ की जानकारी अपने माता-पिता, अध्यापक व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व 112 पर दे और सुरक्षित रहे। कार्यक्रम के अंत मे बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपने फीडबैक लिखकर उपलब्ध करवाये। जिससे बच्चों की समस्याओं का तार्किक एवं आधुनिक तरीके से समाधान हो सके।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश की टीम ने आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम रोहित उर्फ गुड्डू है। आरोपी फरीदाबाद के गांव कुरैशीपुर का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लबगढ़ मंडी के सुलभ शौचालय के पास से



काबू किया है। आरोपी से मौके पर थाना सूरजकुण्ड के एरिया से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी से पूछताछ में थाना सेक्टर-8 के चोरी के मामले को सुलझाते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया की आरोपी नशे करने का आदि है और नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने पूर्व में थाना एसजीएम नगर और सारन के एरिया में चोरी की वारदात को अनजाम दे रखा है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर के एरिया में सरकारी ड्युटी में बाधा डालने का मामला दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# शकूरपुर: डीडीए की खाली पड़ी जमीन पार्किंग में तब्दील, प्रशासन बैठा मौन









**महेन्द्र सिंह/नई दिल्ली**

**दिल्ली की** अधिकांश कॉलोनियों व रिहाइशी इलाकों में स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की खाली पड़ी जमीनें प्रशासनिक रख-रखाव के अभाव के चलते या तो बदहाल परिस्थिति में पड़ी हुई है। या फिर कब्जे की जद में हैं, तो कहीं पार्किंग में ही तब्दील हो गई हैं। यहां पर हम बात कर रहें हैं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 की। शकूरपुर गांव में गली नंबर दो, ठाकुर द्वारा मंदिर स्थित यादव मार्किट के सामने डीडीए की खाली पड़ी हुई जमीन देख-रेख के अभाव के चलते स्थानीय लोगों द्वारा कब्जा कर ली गई हैं, तो वहीं अस्थाई रूप से झुग्गी का निर्माण भी कर लिया गया हैं।

**देख-रेख के अभाव में पार्किंग में हुई तब्दील:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि इस डीडीए की जमीन के रख-रखाव की कोई व्यवस्था नहीं है, हालात तो देखकर ऐसा लगता हैं जैसें सालों से डीडीए का कोई भी संबंधित अधिकारी इस ओर आया ही न हों, जिसके चलते स्थानीय लोगों व स्थानीय दुकानदारों ने गाड़ियों को खड़ा कर पार्किंग में तब्दील कर दिया है। तो वहीं अस्थाई रूप से झुग्गी भी देखने को मिल जाएगी। वहीं सडक किनारें दुकान लगाने वाले बुजुर्ग ने बताया कि रात होते ही कुछ लोग बनी हुई झुग्गी में शराब व अन्य प्रकार का नशा भी करते हैं, क्योंकि यहां पर रोशनी का कोई प्रबंध नहीं हैं, यहां पर थोडी बहुत और नाम-मात्र की लाइटें दुकानो की पडती हैं, लेकिन खड़ी हुई गाड़ी के पीछे भी कुछ लोग छुप-छुपाकर नशा करते हैं।

# हिंदुस्तान की सबसे खूबसूरत किताब है भारत का संविधान: दयाशंकर मिश्र

**मिश्र ने कहा**

> अमूमन हमारे समाज में सुसाइड करना एक परिवार की बदनामी का कारण भी माना जाता है।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत का संविधान हिंदुस्तान की सबसे खुबसूरत किताब है, हर छात्र को यह किताब जरूर पढ़नी चाहिए। यह किताब हमारे संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दी है, इसलिए यह और खास है, क्योंकि ये कॉलेज उनके नाम, आदर्श और मूल्यों पर आधारित है। खासकर लड़कियों, सभी नौजवानों को संविधान को जरूर पढ़ना चाहिए। क्योंकि अगर वो इसे पढ़ेंगे तो सवाल करेंगे। अब जब जमाना बदला है तो पुराना वाला वैल्यू सिस्टम ही हम चाहते हैं। देश में सुसाइड रेट में पुरुषों की संख्या में बढ़ोतरी चिंताजनक है, क्योंकि वो महिलाओं की वैल्यू को समझ नहीं पा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सभी लड़के जेंडर समानता की बात तो करेंगे, लेकिन क्या रियल लाइफ में उनका व्यवहार बदल नहीं जाता। यह विचार वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर मिश्र ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के डॉ. भीमराव आंबेडकर कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'आत्महत्या, निवारण एवं चुनौतियां' विषय पर आयोजित सेमिनार में व्यक्त किये। सेमिनार को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर मिश्र ने कहा कि 'सुसाइड जैसे इतने गंभीर विषय पर चर्चा करना आज समय की मांग है। मैं सुसाइड प्रिवेंशन विषय के बजाए अपनी बातचीत 'जिंदगी' पर फोकस करने की कोशिश करूंगा। मैं आपको एक उदाहरण के जरिए समझाना चाहूंगा कि कैसे यह विषय मेरे नजदीक आया। साल 2016 में पेशे से डॉक्टर मेरे एक करीबी ने जब सुसाइड को चुना था। 26 से 27 साल का एक होनहार लड़का अपनी जान दे देता है और उसने कोई सुसाइड नोट भी नहीं छोड़ा। मुझे अचानक से लगा कि एक पत्रकार के तौर पर जहां हम कहानी बताते हैं, ये एक कोना है जिंदगी का जहां बहुत अंधेरा है। इस पर बातचीत कैसे कर सकते हैं। इसके लिए डॉक्टर और कुछ ऐसे विशेषज्ञों को जोड़ने का काम किया, जो इस विषय पर बातचीत कर सकते थे। सेमिनार को संबोधित करते हुए मिश्र ने आगे कहा कि हम सब एक जैसे डेंजर जोन में हैं। कोई ये न समझे कि हम कम खतरनाक जोन में हैं और कोई अन्य ज्यादा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ें सब कुछ नहीं बताते हैं।

# जहांगीरपुरी: मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चले: अजीत यादव









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के एच ब्लॉक रामलीला मैदान में और जहांगीरपुरी के ब्लॉक स्थित रामलीला मैदान में प्रभु श्रीराम की लीला के मंचन के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक पवन शर्मा, निगम पार्षद मुकेश गोयल, निगम पार्षद अजीत यादव, पार्षद नेहा अग्रवाल के अलावा विजय चौहान, सुधीर पार्चा, इन्दरमनी तिवारी, राकेश राठौर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर आये हुए अतिथियों का कमेटी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि सभी को प्रभु श्री राम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है।

# अशोक विहार रामलीला कमेटी फेस-1 ने किया रामलीला के लिए भूमि पूजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में अशोक विहार रामलीला कमेटी फेस-1 ने प्रभु श्रीराम की लीला मंचन के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ महेंद्र नागपाल, वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, निगम पार्षद योगेश वर्मा, पार्षद पूनम भारद्वाज, पार्षद चित्रा विद्यार्थी, अनिल गुप्ता, ललित गर्ग, प्रमोद कोहली, चन्द्र बलवानी मौजूद रहे।

# प्रतिष्ठा युवा संगठन ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर चलाया अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

मध्य दिल्ली के पहाड़ गंज स्थित नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली स्टेशन निर्देशक के सानिध्य में प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कचरा प्रबंधन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें स्वच्छता, एकल उपयोग प्लास्टिक की रोकथाम आदि से सम्बंधित जागरूकता संदेश, रैली और सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक मोहित कुमार ने स्टेशन निर्देशक महेश यादव को खादी का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन निर्देशक महेश यादव द्वारा सफाई से संबंधित कर्मचारियों एवं यात्रियों को जागरूक होने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि अगर हम सब अपने घर की तरह ही स्टेशनों को भी साफ-सुथरा रखने में अपना योगदान दें तो हर जगह साफ सफाई ही दिखाई देगी।

# बादली गांव: सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्षय में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा जिला उत्तर पश्चिम के प्रयासों से शिव मंदिर के पास बादली गाँव में आयोजित रक्तदान शिविर में 136 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, जिला प्रभारी अशोक देवरहा, दिल्ली युवा मोर्चा प्रभारी विक्रम बिधूडी, दिल्ली भाजपा प्रवक्ता शुबेंदु अवस्थी, युवा मोर्चा दिल्ली महामंत्री गौरव पाराशर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भाई विकास राणा सहित जिला के प्रमुख कार्यकर्त्ता एवं बादली निवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम सह संयोजक पंकज यादव युवा मोर्चा जिला महामंत्री उत्तर पश्चिम भाजपा रहे।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में सेवा पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत नरेला में भाजपा नरेला मंडल व ऋषि भारद्वाज के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ो लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरी परामर्श भी दिया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ब्लड की एच बी आदि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष पर भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़े के रूप में देश भर में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बाहरी दिल्ली के नरेला में भाजपा नरेला मंडल व ऋषि भारद्वाज के संयुक्त तत्वाधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम का मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही, महामंत्री पवन खत्री, ऋषि भारद्वाज ने माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत अभिनंदन किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉ. आशु भारद्वाज, डॉ. रजनीश गुप्ता, डॉ. मनीष पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। सुबह10:00 बजे से शुरू हुए स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे सैकड़ो लोगों का विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच कर उनके लिए जरूरी परामर्श भी दिया गया। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड की एचबी आदि की जांच निः शुल्क उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम ने सभी डॉक्टरों का आभार जताया और कहा कि आप सच में धरती के भगवान हैं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के नागरिकों की प्रधान सेवक बनकर सेवा कर रहे हैं। और आप डॉक्टर लोग नारायण बनकर सेवा कर रहे हैं। वही महामंत्री पवन खत्री (मोनी) ने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इससे बचने के लिए सभी लोगों को हर 6 महीने में अपने शरीर की जांच जरूर करनी चाहिए। इस अवसर पर सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र खर्ब ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने पर पूरी टीम का धन्यवाद किया। और कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। शिविर में आस-पास के सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य जांच शिविर में मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही, ऋषि भारद्वाज, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन मोहन भारद्वाज, महामंत्री पवन खत्री (मोनी) महामंत्री योगेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश खत्री, प्रताप दहिया, अवध किशोर त्रिपाठी, मांगेराम अत्री, सुरेंद्र अमरोही, सुनीता शर्मा, पुतुल श्रीवास्तव ने सहयोग किया।